हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित


वर्षः 8, अंकः 113, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 21 अक्टूबर, 2023 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

# भारत का विकास, राज्यों के विकास से ही संभव : मोदी

## आज देश के लिए ऐतिहासिक क्षण, नए भारत का संकल्प है 'नमो भारत'

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन किया। पीएम ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई तक ट्रेन को चलाया जाएगा। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली-मेरठ का ये 80 किमी से ज्यादा का ट्रैक तो बस एक शुरूआत है। पहले फेज में दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के अनेक क्षेत्र नमो भारत ट्रेन से कनेक्ट होने वाले हैं। बदलते हुए भारत में ये बहुत जरूरी है कि सभी देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे, लोग अच्छी हवा में सांस लें, यातायात के अच्छे साधन हों, अच्छे शिक्षण संस्थान हों और इलाज की बेहतर व्यवस्था हो। इन सब पर आज भारत सरकार विशेष जोर दे रही है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर आज भारत सरकार जितना खर्च कर रही है, उतना हमारे देश में पहले कभी नहीं हुआ।

**हमारा भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है:**



**पीएम मोदी**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का विकास, राज्यों के विकास से ही संभव है। आज बेंगलुरु में मेट्रो की दो लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है। इससे बेंगलुरु के आईटी हब की कनेक्टिविटी और बेहतर हुई है। अब बेंगलुरु में रोज लगभग आठ लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं। 21वीं सदी का हमारा भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है। आज का भारत चंद्रयान को चंद्रमा पर उतारकर दुनिया में छाया हुआ है। आज का भारत जी20 का इतना शानदार आयोजन करके दुनिया के लिए आकर्षण, उत्सुकता और दुनिया का भारत के साथ जुड़ने का एक नया अवसर बन गया है। आज का भारत एशियन गेम्स में 100 से ज्यादा पदक जीतकर दिखाता है। आज का भारत अपने दम पर 5जी लॉन्च करता है और उसे देश के कोने-कोने में ले जाता है। आज का भारत दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल लेन-देन करता है। आज जो तेज रफ्तार नमो भारत शुरू हुई है, वो भी मेड इन इंडिया है, भारत की अपनी ट्रेन है। अभी प्लेटफार्म पर स्क्रीन डोर के सिस्टम का लोकार्पण हुआ है, वो भी मेड इन इंडिया है। नमो भारत, भविष्य के भारत की झलक है। नमो भारत, इस बात का भी प्रमाण है कि जब देश की आर्थिक ताकत बढ़ती है, तो कैसे हमारे देश की तस्वीर बदल जाती है। पीएम ने आगे कहा कि नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, गति भी है। ये नमो भारत ट्रेन, नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी मुझे इस आधुनिक ट्रेन से यात्रा का भी अनुभव प्राप्त हुआ है। मैंने तो बचपन रेलवे प्लेटफार्म पर बिताया है और आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है। हमारे यहां नवरात्रि में शुभ कार्य की परंपरा है। देश की पहली नमो भारत ट्रेन को भी मां कात्यायनी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इस नई ट्रेन में ड्राइवर से लेकर सभी कर्मचारी महिलाएं हैं। ये भारत की नारीशक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि नमो भारत ट्रेन नए भारत को परिभाषित करती है। आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। नमो भारत ट्रेन नए भारत का संकल्प है। आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत ट्रेन' राष्ट्र की समर्पित हुई है। लगभग चार साल पहले मैंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक के हिस्से पर 'नमो भारत' का संचालन प्रारंभ हो गया है।

## सड़क चौड़ीकरण के लिए तीन हजार से अधिक मकानों पर चलेगा बुलडोजर



प्रयागराज। महाकुंभ को लेकर शहर के विभिन्न मोहल्लों और इलाकों में सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है। इसके लिए एक तरफ तैयारियां शुरू हो गई हैं तो दूसरी तरफ विरोध भी जारी है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अलग-अलग जोन में चौड़ीकरण की जद में आने वाले भवन स्वामियों को नोटिस भेज दी है। अब तक कुल 3191 भवन स्वामियों को नोटिस भेजी जा चुकी है। सबसे अधिक नोटिस नैनी क्षेत्र में भेजी गई है। यहां लेप्रोसी मिशन चौराहा से स्टेशन होते हुए मेवालाल की बगिया तक की सड़क का चौड़ीकरण होना है। इसके अलावा एडीए मोड़ से अरैल जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण होना है। नैनी में कुल 1294 भवन स्वामियों को नोटिस भेजी जा चुकी है। जोन पांच में 853 भवन स्वामियों को नोटिस भेजी गई है। पीडीए के अधिकारियों की मानें तो सड़क चौड़ीकरण का कार्य महाकुंभ 2025 से पहले पूरा करना है। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने सड़क चौड़ीकरण के कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# 'मामलों के निपटारे में देरी से न्याय व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा', सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मामलों के निपटारे में देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ती है तो वादियों का (न्यायिक प्रणाली से) मोहभंग हो सकता है। इसने यह भी कहा कि पुराने मामलों की त्वरित सुनवाई और निपटान सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देश जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने लंबित मामलों पर राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के देशव्यापी आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए बार और बेंच के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। पीठ ने पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 50 साल से अधिक समय से लंबित कुछ पुराने



मामलों का जिक्र करते हुए कहा, 'कानूनी प्रक्रिया धीमी गति से चलने पर वादियों का मोहभंग हो सकता है। हमने अपनी पीड़ा व्यक्त की है जहां एनजेडीजी के अनुसार कुछ मुकदमे 65 साल से अधिक समय से लंबित हैं।' न्यायमूर्ति कुमार ने कहा, 'अगर यह देरी जारी रहेगी तो वादी न्यायिक प्रणाली में भरोसा खो देंगे। वादियों को बार-बार स्टे की मांग को लेकर सतर्क रहना चाहिए। उन्हें पीठासीन अधिकारियों की अच्छाई को अपनी कमजोरी के रूप में नहीं लेना चाहिए।' न्यायाधीशों ने लंबित मामलों से निपटने के लिए 11 निर्देश जारी किए। पीठ ने कहा कि पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों की निगरानी संबंधित उच्च न्यायालयों द्वारा किए जाने की आवश्यकता है।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने सिंगापुर के उद्योग मंत्री से की मुलाकात, सहयोग के नए क्षेत्रों पर की चर्चा

सिंगापुर। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात की। इस दौरान दीर्घकालिक प्रभाव वाले द्विपक्षीय सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की गई। जयशंकर दक्षिण पूर्व एशिया के दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचे हैं। जयशंकर सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की जाएगी और साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने के प्रयास किए जाएंगे। जयशंकर ने लिखा कि शुक्रवार सुबह व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मिलकर अच्छा लगा। हमने दीर्घकालिक प्रभाव वाले सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) में इन विचारों को आगे बढ़ाने को उत्सुक हैं।

# रिश्वत मामले के बाद अब डॉग चोरी केस में फंसी महुआ मोइत्रा, पूर्व दोस्त ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा अब एक नए मामले में फंसती दिख रही हैं। संसद में सवाल के बदले व्यापारी हीरानंदानी से रिश्वत लेने के मामले में फंसी महुआ पर अब उनके पूर्व दोस्त और वकील जय अनंत देहद्राई ने ही बड़ा आरोप लगाया है। वकील का आरोप है कि महुआ ने उनके कुत्ता का अपहरण कर लिया है। दिल्ली हाईकोर्ट तक में इस मामले में सुनवाई हुई और बहस के बाद महुआ के वकील ने केस से ही खुद को अलग कर लिया। दरअसल, जय अनंत देहद्राई ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया है कि महुआ ने उनके कुत्ते हेनरी को चारी/अपहरण कर उन पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को सीबीआई शिकायत वापस लेने का दबाव डाला है। बता दें कि महुआ मोइत्रा ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एक वकील और कई मीडिया घरानों को उनके खिलाफ किसी भी कथित अपमानजनक सामग्री को प्रसारित करने से रोकने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका डाली थी। महुआ की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने इस मामले से खुद को अलग कर लिया, जब वकील जय अनंत देहाद्राई ने अदालत को सूचित



किया कि शंकरनारायणन ने टीएमसी नेता के खिलाफ सीबीआई को दी गई अपनी शिकायत वापस लेने के लिए गुरुवार रात फोन पर उनसे संपर्क किया था। शंकरनारायणन ने बताया कि उन्होंने अपने मुवक्किल मोइत्रा से कहा कि देहादराय बार के सदस्य हैं और उन्होंने पहले एक मामले में उनकी सहायता की है, इसलिए उन्हें बात करने दें, जिस पर मोइत्रा सहमत हो गईं। इन बातों को सुनकर न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि वह इससे स्तब्ध हैं और कहा कि चूंकि शंकरनारायणन ने मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश की, तो क्या वह अभी भी मामले में पेश होने के योग्य हैं? इसके बाद शंकरनारायणन ने खुद को मामले से अलग कर लिया। अदालत ने दशहरा अवकाश के बाद मामले को फिर से खोलने पर 31 अक्टूबर को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। महुआ पर आरोप लगा है कि उन्होंने व्यापारी हीरानंदानी से पैसे लेकर संसद में अदाणी को लेकर सवाल किए।

## सरकारी अधिकारी सीवर सफाई के दौरान मरने वालों के परिवारों को देंगे 30 लाख रुपये का मुआवजाः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। पूरे देश में आज भी मजदूर सीवर में उतर कर उसकी सफाई करते हैं, लेकिन इस दौरान कई मजदूरों की मौत की खबर भी सामने आती है। वहीं, सीवर में सफाई करने के दौरान होने वाली मौतों पर लगाई गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई की। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट्ट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य विकलांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। कई निर्देश जारी करते हुए, पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा, उच्च न्यायालयों को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए। यह फैसला एक जनहित याचिका पर आया है। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा सरकारी अधिकारियों को सीवर सफाई के दौरान मरने वालों के परिवारों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा।

# दो प्रमाण पत्र मामले में आजम परिवार जेल गया, आयकर विभाग ने फिर खंगाले जौहर विवि के दस्तावेज

रामपुर। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम के जेल जाने के बाद आयकर विभाग की टीम जौहर यूनिवर्सिटी पहुंची। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के साथ मिलकर आयकर टीम द्वारा की गई कार्रवाई का मकसद जौहर यूनिवर्सिटी में बने भवनों का सटीक मूल्यांकन बताया जा रहा है। टीम ने यूनिवर्सिटी परिसर की हर चीज को बारीकी से देखा। तमाम दस्तावेज भी खंगाले।




सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने जौहर यूनिवर्सिटी पहुंचकर मूल्यांकन सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण आजम और उनके परिवार के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच के तहत किया जा रहा है। माना जा रहा है कि यूनिवर्सिटी में बने भवनों की जितनी कीमत दर्शाई जा रही है, वास्तविक कीमत उससे कई गुना ज्यादा है। इसकी तह तक जाने के उद्देश्य से ही इस बार आयकर टीम के साथ सीपीडब्ल्यूडी के विशेषज्ञ भी शामिल हैं। आयकर टीम यूनिवर्सिटी परिसर में बृहस्पतिवार देर रात तक सक्रिय रही। इस बीच टीम ने यूनिवर्सिटी के कार्यालय में रखे दस्तावेजों में कई को स्कैन किया। इसके अलावा कुछ अन्य दस्तावेज भी खंगाले। कहा जा रहा है कि दस्तावेजों में दर्ज डिटेल और भवनों के मूल्यांकन से सामने आने वाली कीमत में अंतर पाए जाने पर आजम की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। आयकर विभाग की टीम एक माह के भीतर दूसरी बार रामपुर पहुंची है। 13 सितंबर को आयकर विभाग की टीम ने यूपी और मध्य प्रदेश में 30 परिसरों पर छापे मारे थे। रामपुर में छह से ज्यादा टीमें आई थीं। इस दौरान टीमों ने सपा नेता आजम खां के घर पर 60 घंटे तक छानबीन व पूछताछ की थी।

# यूपी के हर जिले में मीटर रीडिंग का काम करेंगी विद्युत सखियां, पावर कारपोरेशन ने कंपनियों को दिए निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने मीटर रीडिंग का कार्य विद्युत सखियों के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कराए जाने का निर्णय लिया है। पावर कारपोरेशन ने इस निर्णय को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए मीटर रीडिंग कंपनियों को निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सभी जिलों की एक ग्राम पंचायत में एक विद्युत सखी को मीटर रीडिंग के लिए लगाया गया है। दरअसल, शक्ति भवन, लखनऊ में 10 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच एक संयुक्त बैठक की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जनपद में एक-एक ग्राम पंचायत में मीटर रीडिंग का कार्य विद्युत सखियों द्वारा पायलट के रूप में कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने पिछली 17 अक्टूबर को पावर कारपोरेशन को पत्र लिखा था। मिशन निदेशक ने 10 अक्टूबर को हुई बैठक का संदर्भ देते हुए प्रदेश के 75 जिलों की एक पंचायत की एक विद्युत सखियों का चयन कर उनकी सूची पावर कारपोरेशन को भेजी है।




पावर कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता (कलेक्शन) वीपी सिंह ने गुरुवार को प्रदेश में मीटर रीडिंग करने वाली पांच कंपनियों को विद्युत सखियों से मीटर रीडिंग का कार्य प्रारंभ करवाने के लिए कहा है। कंपनियों को कहा गया कि आजीविका मिशन द्वारा प्राप्त सूची के आधार पर विद्युत सखियों की मीटर रीडिंग की आईडी बनवाकर प्रोजेक्ट की शुरूआत की जाए।

# बीआरपी के मैदान में भव्य श्रीराम कथा 25 अक्टूबर से

## 24 अक्टूबर को शहर में निकलेगी भव्य कलश यात्रा

जौनपुर। सेवा भारती जौनपुर काशी प्रांत के नेतृत्व में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन बीआरपी इण्टर कॉलेज के मैदान में किया गया है। यह कार्यक्रम 25 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। 24 अक्टूबर को कलश यात्रा केरारवीर बाबा से शुरू होकर ओलंदगंज, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए रोडवेज के रास्ते बीआरपी कालेज में जाकर समाप्त होगी। कलश यात्रा के दौरान झांकी भी शामिल रहेगी। काफी संख्या में बहनें कलश यात्रा लेकर चलेंगी। देश के प्रसिद्ध कथा वाचक शांतनु महाराज अपने मुखार बिंदु से श्रीराम कथा कहेंगे। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग भाग लें। यह जानकारी जौनपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान श्री राम कथा के सह सर्व व्यवस्था प्रमुख डा वेदप्रकाश सिंह ने दी है।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि 500 वर्ष बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण हो रहा है। हम लोगों का सौभाग्य है कि इस भव्य मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि काफी दिनों से इच्छा थी कि भव्य श्रीरामकथा का आयोजन किया जाय। उन्होंने राम के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि उनके चरित्र को आत्मसात करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी दुखी नहीं हो सकता है। संयोग अच्छा रहा कि 3 महीने बाद भगवान राम का दर्शन होने से पहले भव्य श्रीराम कथा




जौनपुर के बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनपदवासियों को सुनने को मिलेगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस श्रीराम कथा में शामिल होकर शांतनु महाराज के विचारों को सुनें और उसको आत्मसात करें। उन्होंने जनपदवासियों से यह भी अपील की है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग जरूरी है।आर एस एस काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल ने कहा सनातन परंपरा की जीवंतता के आज के युग में श्रीराम कथा लाभकारी है। अध्यक्षता सेवा भारती के संयोजक संजय पाण्डेय ने तथा संचालन रविन्द्र कुमार सिंह ने किया।मुख्य रूप से सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना पूर्व प्रमुख संदीप सिंह प्रदीप सिंह रिंकू, विमल सिंह ,सुनील सिंह, गणेश साहू, अरविंद सिंह, नारायण चौरसिया,नीतू सिंह अभिषेक, प्रशांत मिश्रा, डा अंजना सिंह, रागिनी सिंह, प्रीति गुप्ता, उर्वशी सिंह, डा सरला त्रिपाठी, किरण सिंह, सुचिता सिंह सहित सेवाभारती, राष्ट्र सेविका समिति, सहकार भारती, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, हिंदू युवा वाहिनी, सखी वेलफेयर, अतुल्य वेलफेयर,बनवासी कल्याण आश्रम के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'लड़कियां अपनी यौन इच्छाओं को नियंत्रण में रखें', हाईकोर्ट ने लड़कों को भी दी सलाह

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए युवा लड़के और लड़कियों को कुछ सलाह दी है। हाईकोर्ट ने युवाओं से अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की अपील की और कहा कि उन्हें अपने शरीर की अखंडता और गरिमा की रक्षा करनी चाहिए और दूसरे लिंग के लोगों का सम्मान करना चाहिए। बता दें कि एक 20 वर्षीय युवक को उसकी नाबालिग प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में ट्रायल कोर्ट ने पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल जेल की सजा सुनाई है। युवक ने इस सजा के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की। याचिका पर सुनवाई के दौरान लड़की ने बताया कि दोनों के बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने थे और दोनों शादी करना चाहते थे। युवती ने बताया कि भारत में सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की उम्र 18 साल है, ऐसे में उनके मामले में यह अपराध माना गया। बता दें कि प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट (पोक्सो एक्ट) के तहत 18 साल से कम उम्र के लोगों की शारीरिक संबंध बनाने की सहमति मान्य नहीं मानी जाती। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस चितरंजन दास और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की पीठ ने युवाओं को कुछ सलाह दीं। कोर्ट ने युवाओं को स्कूलों में सेक्स एजुकेशन देने की भी जरूरत बताई। पीठ ने अपील करते हुए कहा कि 'लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं को नियंत्रण में रखना चाहिए और दो मिनट के आनंद के फेर में नहीं पड़ना चाहिए।' पीठ ने अपने फैसले में कहा कि 'यौन इच्छाओं को नियंत्रित करें क्योंकि मुश्किल से दो मिनट का सुख पाकर लड़कियां समाज की नजरों में गिर जाती हैं।' हाईकोर्ट ने कहा कि 'यह युवा लड़कियों की जिम्मेदारी है कि वह अपने शरीर की अखंडता, गरिमा को बनाएं रखें।' कोर्ट ने ये भी कहा कि 'लड़कों को भी लड़कियों की गरिमा की इज्जत करनी चाहिए और उनके दिमागों को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वह महिलाओं की इज्जत करें।'

## संपादकीय

# दत्तक अधिनियम को व्यावहारिक और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने की दरकार

दत्तक अधिनियम यानी बच्चों को गोद लेने का कानून इस उद्देश्य से बनाया गया था कि निस्संतान दंपतियों को संतान सुख और उत्तराधिकारी पाने का हक तथा अनाथ हो गए बच्चों को इसके जरिए माता-पिता का प्यार दिलाया जा सके। मगर इस कानून का लाभ उठा पाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि इसमें गोद लेने संबंधी नियम और शर्तें कुछ जटिल हैं। इन्हीं जटिलताओं के कारण विदेशी नागरिकों को भारत में बच्चा गोद लेते समय अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मगर जो दंपति सारे नियम और शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें भी अगर अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल नहीं हो पाता, तो उस पर एतराज स्वाभाविक है। ऐसी ही शिकायतों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण यानी कारा की तरफ से कोई न कोई बाधा उपस्थित की जा रही है। लोगों को अनापत्ति प्रमाणपत्र के बजाय समर्थन पत्र दिए जा रहे हैं। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा है कि विदेशी नागरिकों को बच्चा गोद लेने संबंधी प्रक्रिया को जटिल नहीं बनाया जाना चाहिए। जिन देशों से गोद लेने संबंधी अंतरराष्ट्रीय समझौते हैं, उन देशों के नागरिकों को इस प्रक्रिया में अधिक नहीं उलझाया जाना चाहिए। अदालत ने यह निर्देश शिकायत के पक्ष में उपलब्ध कराए गए प्रमाणों के आधार पर दिया है। इस संबंध में कारा के उच्च अधिकारी को तलब भी किया है। अपील करने वालों की तरफ से कहा गया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उन्हें काफी पैसा खर्च करना पड़ रहा है, उसके बावजूद उन्हें समर्थन पत्र ही दिया जा रहा है। दरअसल, बच्चों को गोद लेने संबंधी नियमों में संबंधित प्राधिकार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे उन्हीं लोगों को बच्चा गोद लेने की अनुमति प्रदान करे, जो वास्तव में उनकी उचित देखरेख कर सकें। पिछले कुछ सालों में ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिनमें विदेश में रह रहे लोग भारत से बच्चों को गोद तो लेते हैं, मगर उन्हें माता-पिता का प्यार नहीं देते। बच्चों को जो अधिकार मिलने चाहिए, वे उन्हें नहीं दिला पाते। कई लोग तो ऐसे बच्चों को बंधुआ मजदूर की तरह घर में रखते और घर के सारे काम उनसे कराते हैं। जबकि दत्तक अधिनियम का मकसद है कि बच्चों को घर का वातावरण उपलब्ध हो सके, उन्हें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य मिल सके। इस लिहाज से कारा अधिकारियों की सतर्कता उचित कही जा सकती है। मगर जो लोग सभी संबंधित नियम-कायदों को पूरा करते हों, उन्हें भी परेशान किया जाए, तो शिकायत स्वाभाविक है। हमारे सरकारी महकमों में नियम-कायदों की आड़ में किसी भी काम को बेवजह अटकाए रखना और फिर रिश्वत लेकर वह काम कर देना कोई छिपी बात नहीं है। ऐसे में जब कोई काम विदेश में रहने वाले किसी व्यक्ति का हो, तो सरकारी कर्मचारियों की लार टपकनी स्वाभाविक है। ऐसे लोग यह सोच कर पैसा खर्च करने में गुरेज नहीं करते कि अगर एक काम के लिए उन्हें कई बार आना-जाना पड़ा, तो कहीं अधिक पैसा खर्च हो जाएगा। मगर यह सिलसिला सहनशक्ति को पार कर गया होगा, तभी अदालत के दरवाजे तक पहुंचा। विचित्र है कि इस प्रवृत्ति के चलते न सिर्फ विदेशों में भारतीय कामकाज के तरीके को लेकर नकारात्मक संदेश जाता है, बल्कि परिवार के प्यार की उम्मीद लगाए बहुत सारे अनाथ बच्चों के सपने भी धुंधलाते रहते हैं। इसमें व्यावहारिक और पारदर्शी प्रक्रिया की दरकार है।

## आया फिर बयान !



नया नया उनका ।
आया फिर बयान ।।
मित्रों खातिर उनका ।
है सारा सामान ।।
तनिक भी गरीबों पर ।
नहीं हैं देते ध्यान ।।
चरम पर गरीबी ।
टूट गए अरमान ।।
थी सत्ता हमारी जब ।
आप थे धनवान ।।
और थे खुशहाल आप ।
थी अलग पहचान ।।
पकड़ा जोर धीरे धीरे ।
लगता अब प्रचार ।।
आएंगे अब करने ।
सारे चमत्कार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# मिशन शक्ति अभियान के जरिये उत्तर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण में जुटी है योगी सरकार

**मृत्युंजय दीक्षित**

नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान को बढ़ावा देने एवं स्त्रियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत तीन वर्षों से मिशन शक्ति का आयोजन किया जाता रहा है। इस नवरात्रि पर योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का श्रीगणेश किया। प्रत्येक की भांति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नवरात्रि में नौ दिनों का व्रत रखते हैं और गोरखनाथ पीठ में परम्परानुसार कन्या पूजन करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल कन्या पूजन करते हैं वरन प्रदेश की बेटियों का जीवन सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए भी वह संकल्पवान हैं। योगी जी की इच्छा है कि मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुरूप ही प्रदेश की बेटियां का जीवन भी हो और उन्हें पर्याप्त आदर व सम्मान मिले।

योगी सरकार के मिशन शक्ति अभियान और उनके द्वारा की जा रही कन्या पूजन के कारण प्रदेश का विपक्ष भी दबाव का अनुभव कर रहा है और इसी दबाव को कम करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने भी नरम हिंदुत्व का नकली चोला ओढ़कर कन्या पूजन करवाने का फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियां के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता से प्रेरित होकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पिछले चुनावों में ह्लमैं लड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा भी दिया था किंतु कथनी और करनी के विरोधाभासों के चलते यह नारा बुरी तरह विफल रहा। संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के पारित हो जाने के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करने की योजना बनाई है वही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रसार करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा के लिए विविध योजनायें प्रारम्भ की गई हैं और उनका सुचारु संचालन भी किया जा रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाओं की आय पहले से अधिक हो गई है। विगत वित्त वर्ष में जुलाई से सितंबर के मध्य ग्रामीण महिलाओं की आय 8,936 रुपये थी जा अप्रैल से जून 23 के बीच 20 हजार से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे में उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीण महिला श्रम बल भागीदारी दर के अनुसार वर्ष 2018-19 में यह दर लगभग 20 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022-23 में यह दर 56 फीसदी तक पहुंच गई है।

मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में सरकार ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। मिशन के चतुर्थ चरण को महिला स्वास्थ के प्रति समर्पित किया गया है। इसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्तन व सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। प्रदेश की



कुपोषित बालिकाओं के लिए विशिष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया हे। योगी जी प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत ही सचेत तथा कठोर हैं। वे कई अवसरों पर स्पष्ट संदेश दे चुके हैं कि प्रदेश की सीमा के अंदर अगर कोई भी व्यक्ति हमारी बहिन बेटियो की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से सेंध लगाने का प्रयास करेगा तो ऐसे तत्वों को अगले चौराहे पर यमराज प्रतीक्षा करता मिलेगा। योगी जी की चेतावनी का असर भी दिखाई पड़ा है। सरजू एक्सप्रेस में महिला पुलिसकर्मी से अभद्रता व छेड़छाड़ करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर किया गया। बेटियों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने पहली बार ही अपनी पहली ही बैठक में एंटी रोमियो स्कवायड का गठन किया था जिसकी तत्परता से अब तक सैंकड़ों शोहदों को दबोचा जा चुका है। एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूटा है। लव जिहाद की शिकार बेटियां को बचाने के लिए भी पुलिस अब तत्परता से कार्यवाही कर रही है। योगी सरकार की ओर से प्रदेश की बेटियों महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी कैमरे के संग पैनिक बटन भी लगाये जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के कारण अपराधियों पर लगाम लगाने व उनको सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिला आरक्षी दल को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं। योगी ने कहा कि अब महिला बीट गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का भी काम करेंगी। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करने का अभियान चलाया जा रहा है। बाल अधिकार सप्ताह, शक्ति संवाद, स्वावलंबन कैंप और मिशन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में निराश्रित व विधवा महिलाओं को दी जा रही पेंशन का भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में गरीब परिवारों की बेटियां का विवाह करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश की बेटियों को स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 15 हजार रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जा रही है। बेटियां की सुरक्षा के लिए जगह-जगह पिंक बूथ बनाये गये हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलम योजना के लिए करोड़ों रुपये की व्यवस्था की जाती है। महिलाओं व बेटियों को ध्यान में रखते हुए रष्ट्रीय पोषण अभियान कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों में बेटियों को स्वतः सुरक्षा के गुर भी सिखाये जा रहे हैं जैसे जूडो-कराटे आदि। कालेजों में बेटियां को सुरक्षित रहने के लिए उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया जा रहा है। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ गरीब महिलाओं का मिल रहा है जिन्हें काफी दूर से जल लाना पड़ता था। आज प्रदेश में तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को भी उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दी जा रही है।

# हर बुधवार महिलाओं के बीच पहुंचेंगी शक्ति दीदी'- श्रीनिवास राय

## महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान दिलाने के लिए हुई मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत- भाजपा मण्डल अध्यक्ष

प्रखर पटहेरवा, कुशीनगर। महिलाओं को जागरूक करने के लिए शारदीय नवरात्र पर 'शक्ति दीदी' अभियान की शुरूआत की गई है। 'मिशन शक्ति' अभियान के दूसरे चरण के तहत महिला पुलिसकर्मी 'शक्ति दीदी' बनकर उनके बीच जाएंगी और महिला संबंधित कानून के बारे में जागरूक करेंगी। उक्त बाते भाजपा के पटहेरवा मण्डल अध्यक्ष श्रीनिवास राय ने कही।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में हर बुधवार महिलाओं के बीच शक्ति दीदी पहुंचेंगी और जागरूक करेंगी। इसके तहत महिला पुलिसकर्मी सार्वजनिक स्थानों और महिलाओं के बीच पहुंचकर योजनाओं के लिए उनको जागरूक करेंगी। महिलाओं से संबंधित कानूनों के बारे में भी बताएंगी। 'मिशन शक्ति' के तहत यूपी के गृह विभाग ने योजना तैयार की है, इसमें दूसरे विभाग के समन्वय से काम होगा। शारदीय नवरात्र पर यूपी सरकार आधी आबादी को जागरूक और आत्मनिर्भर करने के लिए एक पहल की शुरूआत कर दी है। महिलाओं के लिए खास तौर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत 'शक्ति दीदी' की शुरूआत हो चुकी है। हर सप्ताह बुधवार के दिन दो महिला पुलिसकर्मी की टीम गांव और शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के बीच पहुंचेगी. इन महिला पुलिस कर्मियों को शक्ति दीदी कहा जाएगा। 'शक्ति दीदी' का काम महिलाओं को जागरूक करना होगा। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाएं ऐसी हैं, जो महिला प्रधान हैं। ऐसे में महिलाओं को इन योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा। खास बात यह है कि इस अभियान के दौरान अलग-अलग विभागों के समन्वय से अभियान को सफल



बनाया जाएगा। ग्राम पंचायत और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ बैंक कॉरेस्पॉन्डेट सखी (बीसी सखी), राजस्व लेखपाल, एएनएम और आशा वर्कर भी मौजूद रहेंगी।

**योजनाओं की सूची तैयार कर बताया जाएगा**– भाजपा नेता श्रीनिवास राय ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेंटर सेफ सिटी योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, यूपी भाग्य लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और महिला ई-हाट योजना जैसी अनेको योजनाएं हैं। इनका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। इनकी सूची तैयार करके महिलाओं को बताया जाएगा।

**विभिन्न विभागों के समन्वय से चलेगा अभियान**– भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्रीनिवास राय ने बताया कि दरअसल, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 'मिशन शक्ति' योजना की शुरूआत की गई थी। इसकी सफलता और महिलाओं में इसके प्रभाव को देखते हुए इसके दूसरे चरण के लिए 'शक्ति दीदी' अभियान को शामिल करने की योजना तैयार की गई है। गृह विभाग ने इसके लिए कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज निषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, अनैतिक व्यापार निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम की जानकारी भी महिलाओं को दी जाएगी।

**महिलाओं को ये सभी दी जाएगी जानकारी**– भाजपा नेता श्रीनिवास राय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ये है कि इससे महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी मिल सके। यूपी में महिलाओं को वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1026, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, वन स्टाप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल और स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क की भी जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को इस बात के लिए प्रेरित किया जाएगा कि इनमें से किसी भी सुविधा या मदद के लिए वो आगे आएं।

**'मिशन शक्ति' के दूसरे चरण के तहत 'शक्ति दीदी' की शुरूआत**– भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्रीनिवास राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। हाल ही में उन्होंने ये कहा था कि बहन-बेटियों के साथ छेड़खानी करने वालों को अगले चौराहे कर यमराज का सामना करना पड़ेगा। लेकिन प्रदेश के कई घटनाएं समय-समय पर होती रही हैं। महिलाओं को जागरूक करने वाली उन तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए अब 'मिशन शक्ति' अभियान के दूसरे चरण के तहत महिला पुलिसकर्मी 'शक्ति दीदी' बन कर उनके बीच जाएंगी।

# एक नजर इधर भी– ऐसा है उत्तर प्रदेश का हमारा पैतृक जनपद गाजीपुर

## जनपद की मिट्टी आस्था और विश्वास से पूजनीय और बंदनीय है

गाजीपुर। धवल धार लिए अविरल प्रवाह से बहती कल कल निनादिनी भगवती भागीरथी (गंगा) के पावन तट पर स्थित जिला गाजीपुर अपनी धार्मिक परंपरा रीति रिवाज भाईचारा एवं ऐतिहासिक राजनीतिक और सामाजिक फलक पर किसी परिचय का मोहताज नहीं है। अति प्राचीन पुरातन सनातन कालखंड से लेकर अब तक के धार्मिक याज्ञिक अनुष्ठान पूजा ध्यान के शेष विशेष में अपने आप को स्थापित कर स्मृति पटल पर गाजीपुर जिला की अमिट पहचान है।बात चाहे ऋषि मुनियों के कठिन तप ध्यान साधना की हो अथवा मातृभूमि की बलि वेदी पर प्राण न्यौछावर की।वीर चक्र से लेकर परम वीर चक्र के अलावा देश हित में शहीद होने वाले जाबांजों की एक लंबी सूची है।सब में हमारा जिला अपने आप को अव्वलपन होने का अहसास कराया है।

यूपी बिहार की सीमा से सटे पृथ्वीराज चौहान के वंशज राजा मांधाता के गढ गाजीपुर का कण-कण गौरव से गौरवान्वित है। जनपद की चतुर्दिक दिशाओं में गांव से लेकर कस्बों और शहरों तक स्थित मठों -मंदिरों-शिवालयों में बजते शंख -घंट-घड़ियालों की ध्वनि के साथ जहां हर- हर महादेव का उच्च उद्घोष सर्वत्र सुनाई देता है वहीं इसके इतर अन्य धर्मावलंबियों द्वारा अपने ईष्टों के प्रति विशिष्ट प्रार्थना होते भी देखा जा सकता है।

ऋषि जमदग्नि की जमानियां



अगर कठिन तपस्या के लिए जग विदित है और ऋषि परशुराम की दृढ़ संकल्प पितृ भक्ति यश गाथा से भरी पड़ी है तो जनपद के विविध हिस्सों में भूगर्भ से स्वयं प्रकट हुई देव प्रतिमाएं लंबे अरसे से आस्था विश्वास से पूजनीय और बंदनीय हैं। जनपद का महाहर धाम तो इसका अकाट्य उदाहरण है।

लहुरी काशी की संज्ञा से विभूषित महाहर धाम त्रेता युग के महा प्रतापी चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ की छावनी के रूप में आज भी अविस्मरणीय है। महाराजा दशरथ के शब्द वेधी बांण द्वारा ऋषि कुमार श्रवण की हत्या का साक्षी बना पुरैना तालाब भी आज भी यथा स्थान मौजूद है। जिसके पावन तट पर महाराजा दशरथ के शब्द बेधी बाण से जल भरण करते समय ऋषि कुमार श्रवण का प्राणांत हुआ। धाम स्थित मंदिर गर्भ गृह में महाराजा दशरथ द्वारा स्थापित युगल मूर्ति में भगवती पार्वती के कोमल ओठ पर भगवान शंकर की स्पर्श करती अंगुलि अपने आप में अद्भुत तो है ही साथ ही पार्वती के प्रति भगवान शंकर के अकाट्य प्रेम प्राकट्य का उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

वेदांग दर्शन के मुताबिक ऐसी देव मूर्ति की स्थापना किसी सामान्य राजाओं द्वारा संभव नहीं है।इसका स्थापना कार्य किसी चक्रवर्ती सम्राट द्वारा ही संभव है। जो राजा दशरथ द्वारा ही स्थापित होने की पुष्टि करतीं है। गहन जंगलों से घिरा क्षेत्र महाहर का सुदूरवर्ती इलाका अवध नरेश के शिकार के उपयुक्त था।जो अवध से चलकर यहां आते रहते थे।चार वर्णों के मेल से मरदह शब्द की निष्पत्ति भी महाहर को राजा दशरथ का क्षेत्र होने की पुष्टि करता है।जैसेः- म+र+द+ह = म=महा। र=राजा। द=दशरथ। ह=है ।अर्थात यह क्षेत्र महाराजा दशरथ का ही है।यह एक पुख्ता प्रमाण के रूप में है। हमारा जिला गाजीपुर अध्यात्म ज्ञान और वैराग्य का वह उद्गम स्थल है जहां से देश समाज को नई दिशा मिली। जिसके आलोक में मानव मन की विकृतियों एवं कुंठाओं का दहन हुआ और ईश्वर शक्ति के प्रति भक्ति और श्रद्धा विश्वास का बीजारोपण हुआ।ऐसे महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमारा जिला हमेशा याद किया जाएगा।

जनपद के अनेकानेक अद्भुत अलौकिक और अकल्पनीय जन श्रद्धात्मक केंद्रो में सुमार सिद्ध पीठ भुड़कुड़ा और शक्ति पीठ हथियाराम की आश्चर्यजनक किंतु सत्य जनश्रुतियां लोगों में आज भी अटल विश्वास पैदा करती हैं।झूठ छल कपट के पथ पर चलकर भुड़कुड़ा में कसम खाना तो रुह कंपा देने वाला है। जबकि हथियाराम मठ स्थित बुढ़िया माई का दर्शन और मनवांछित फल प्राप्ति का अदृश्य आशीर्वाद आज भी अविस्मरणीय है।साथ ही गंगा मां द्वारा प्रदत्त मठ में मौजूद आशीर्वाद कटोरा तो पीठाधीश्वरों को कसौटी पर खरा उतरने का माप दण्ड है।

गाजीपुर जनपद महात्मा बुद्ध के बौद्धिक ज्ञान प्रसार के प्रमुख केन्द्रों में से एक है औड़िहार के सैदपुर भीतरी स्थित बौद्ध स्तूप इसका प्रमाण है। मध्यकालीन मुगल बादशाहों के शासनकाल का अगर गवाह है जनपद गाजीपुर तो भारतीयों पर ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मो-सितम की दर्द भरी कहानियों का भी साक्षी है। आजादी के दीवानों के अविस्मरणीय गाथाओं की याद दिलाता मुहम्मदाबाद का शहीद पार्क आज भी देशभक्ति का मिसाल है। एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा गांव गाजीपुर का गहमर आज भी बेमिसाल है।

गंगा के तट पर स्थित कुर्था के सिद्ध संत पवहारी बाबा आश्रम की महिमा का भला क्या कहना। सर्वविदित है कि पवहारी बाबा ने इसी स्थान पर अग्नि समाधि लेकर उक्त स्थान के कण-कण को सदा सदा के लिए धन्य कर दिया। यही वह तपोभूमि है जहां तप साधना में लीन संत पवहारी बाबा के दर्शन के निमित्त आए स्वामी विवेकानंद जी को तीन महीने तक इंतजार करना पड़ा था। आखिरकार दर्शन उपरांत संत पवहारी बाबा का आशीर्वाद ग्रहण करने के बाद ही तेजस्वी युवा संत विवेकानंद जी शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेने गए ।

राजनीतिक क्षेत्र में अबतक ज्ञात अज्ञात राजनीतिक मर्मज्ञों में किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता , जिन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में मुख्य भूमिका निभाते हुए देश की दिशा और दशा का नेतृत्व किया।किसान को भगवान का रूप माना और किसान आंदोलन को धार एवं ऊर्जा दोनों प्रदान किया। जिले की मुख्य रूप से दो भाषाएं (हिन्दी और भोजपुरी ) साहित्य को समृद्ध और अक्षुण्ण बनाने में यहां के साहित्यकारों रचनाकारों का महत्वपूर्ण और अविस्मृत योगदान है।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस (कवि, गीतकार पत्रकार एवं शिक्षक)**

# मिशन शक्ति अभियान फेज 4.0 अभियान के तहत साइबर सेल टीम के द्वारा छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया गया



प्रखर संतकबीरनगर। मुख्यमन्त्री उ0प्र0 सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि तथा दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर द्वारा साइबर सेल टीम के साथ साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए हीरालाल पीजी कालेज व पीवी गर्ल्स इण्टर कालेज में पहुंचकर छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया गया। जिसमें मुख्य रुप से वर्तमान समय में महिलाओं के साथ होने वाले साइबर अपराध यथा सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप्प, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर फर्जी व समानान्तर आईडी, हैकिंग तथा साइबर स्टाकिंग से बचाव के साथ साथ फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप से बचने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अन्य आर्थिक साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, बारकोड, फर्जी वेबसाइट, सिम कार्ड, ATM कार्ड बदलकर/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई सम्बन्धी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, पालिसी , आनलाइन एप्प के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड आदि साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मंजू सिंह, प्रभारी महिला प्रकोष्ठ सरोज शर्मा, प्रभारी चौकी बरदहिया कृष्ण मोहन राव, का0 ज्ञान सिंह, म0का0 कुमकुम मिश्रा, म0का0 रानी गौड़, म0का0 अनामिका सिंह तथा जनपदीय साइबर सेल टीम के मुख्य आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार गौतम, आरक्षी रामप्रवेश मद्देशिया, आरक्षी धीरेन्द्र कुमार प्रसाद मौजूद रहे।

## 10 दिवसीय कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

प्रखर संतकबीरनगर। एस.बी.आई आर.सेटी संतकबीर नगर की तरफ से (मोमबत्ती बनाना) कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण का समापन आज दिनांक 20-10-2023 दिन बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में जनपद के नाथनगर ब्लॉक विभिन्न ग्राम सभा से कुल 33 महिलाओं ने सफलतापूर्वक प्रतिभा किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक विशाल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे हुनर को रोजगार का जरिया बनाकर आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया और बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 20 लोगो का पहले से SBI में अकाउंट ओपन था ' 13 लोगों का स्टेट बैंक ब्रांच में अकाउंट ओपन किया गया और उन 13 लोग का PMSBY ,PMJJBY, एवं 5 लोगों का APY भी कराया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ही 03 लोगों का ऋण आवेदन भी लिया गया अंत में वरिष्ठ संकाय सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने डिजिटल बैंकिंग को अपनाने एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने हेतु समाधानी के बारे में जानकारी दिया संकाय मनीष कुमार द्वारा वर्तमान में सरकार द्वारा चलाई जा रही मुद्रा ऋण योजना स्टैंड अप इंडिया की जानकारी दी गई अंत में निदेशक महोदय द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभाग प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस मौके पर कार्यालय सहायक सलीम अंसारी एवं अशोक कुमार पांडे, ऑफिस बॉय अमरनाथ गिरी, डोमन स्किल ट्रेनर दुर्गेश मिश्रा बैंक सखी रेखा निषाद, प्रशिक्षु विद्यावती, रीना, संध्या ,कुसुम प्रेमलता, सुशीला विश्वकर्मा ,आशा, अनीता ,रुबीना बेगम, सुमन ,सुंदरी शीला, सुमित्रा आदि लोग उपस्थित रहै।




## संक्षिप्त खबरें

### अंतराल दिवस पर रेहटी में संगोष्ठी का हुआ आयोजन



प्रखर जलालपुर जौनपुर। जलालपुर ब्लॉक के रेहटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत अंतराल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अंतराल दिवस का आयोजन किया गया।जिसमे फैमिली वेलफेयर काउंसलर सरिता मौर्या ने अस्पताल में आयी महिलाओ को परिवार कल्याण से सम्बंधित परिवार नियोजन का परामर्श दिया,अनचाहे गर्भ से बचाव के लिये हर तीन महीने पर लगने वाले अंतरा इंजेक्शन के बारे में जानकारी दी गयी और सात महिलाओ को अंतरा इंजेक्शन लगाया गया। बाकि अन्य महिलाओ को गर्भनिरोधक गोलिया बांटी गयी।नारी सशक्तिकरण के साथ साथ लैंगिक असमानता से निपटने के उपाय बताये गये। इस अवसर पर डॉक्टर विनय सिंह, डॉक्टर प्रवीण कुमार, एचईओ राकेश चौबे, एलटी सुनील कुमार, स्वपन सिंह, आशुतोष सिंह मौजूद रहें।

### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने संपूर्ण भारत में हर्षोउल्लास के साथ मनाया क्षत्रिय सम्राट मिहिरभोज प्रतिहार की जयंती



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। हर वर्ष की तरह श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नेतृत्व में संपूर्ण भारत में क्षत्रिय सम्राट मिहिरभोज प्रतिहार की जयंती को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के क्रम में इस बार प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम वाराणसी टीम द्वारा जीवनदीप शिक्षण समूह के प्रांगण में भी जन्मोत्सव का किया गया आयोजन कार्यक्रम के दौरान राकेश सिंह रघुवंशी ने कहा की कवरेज प्रदान करने के लिए हम आप सभी का आभार व्यक्त करते हैं एवं आपको एवं आपके माध्यम से संपूर्ण राष्ट्र को क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार की जयंती अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश सिंह "रघुवंशी" प्रदेश अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ. अशोक सिंह ,संतोष कुमार सिंह , राहुल सिंह , महेश प्रताप सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के द्वारा सभी आगंतुकों एवं कार्यक्रम में शामिल सभी क्षत्रिय समाज के सम्मानित लोगो का आभार व्यक्त करते हुए अपने क्षत्रिय एकता हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर कुछ प्रमुख गणमान्य लोगो की उपस्थिति भी ऊर्जा से ओतप्रोत करने वाली रही जिसमें इसके अतिरिक्त जिला कार्यकारिणी के कई क्षत्रानियों के साथ सैकड़ो करणी सैनिक के ऊजार्वान सदस्यों ने कार्यक्रम को सफतापूर्वक संपन्न कराने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

### बकौल किसान ऋषि नारायण सिंह ने नैनो उर्वरक की तकनीकी उपयोगिता को बताया कारगर



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बकौल किसान ऋषि नारायण सिंह ने इस नैनो उर्वरक की तकनीकी उपयोगिता को कारगर बताया साथ ही प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) के तहत एक छत के नीचे मिल रहे तमाम सुविधाओं के लिए इस योजना की मुक्त कंठ से प्रशंसा की` दिनेश लाल ने अपना अनुभव साझा करते हुए पीआईबी को बताया कि कैसे इस तकनीक के उपयोग से उनकी आर्थिक बचत सुनिश्चित हुई। किसान रामानंद ने प्रधानमंत्री द्वारा की गई इस क्रांतिकारी पहल "पीएमकेएसएक" को परिवर्तनकारी कदम बताते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषिगत सामानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित हो पाई है। किसान राजबली ने अपना मंतव्य प्रकट करते हुए बताया कि इस योजना के क्रियान्वन के फलस्वरूप उन्हें अब अन्यत्र भटकना नहीं पड़ता तमाम कृषि आगतों की एक ही जगह मौजूदगी से उन्हें क्रय करने में सहूलियत एवं समय की बचत होती है।

### पीजी कालेज धरना 9वें दिन जारी, छात्रों ने प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी की दी चेतावनी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने नौवें दिन शुक्रवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। सभी छात्रों ने छात्रहित में उठाये गये मुद्दों पर महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा उपेक्षा किये जाने से आक्रोशित होकर धरना स्थल पर हनुमानजी कि तस्वीर रखकर प्रार्थना करने के साथ ही महाविद्यालय प्रशासन के सद्बुद्धि के लिए बुध्दि शुद्धि यज्ञ किया। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन का छात्रों के मांगो के प्रति उदासीनता यह स्पष्ट बता रहा हैं कि महाविद्यालय में छात्रों के साथ कैसे शोषण व अत्याचार किये जा रहे है लेकिन हम सभी धरनारत छात्र चुप नहीं बैठेंगे। जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। छात्र नेता अमृतांश बिन्द ने कहा कि बीपीई के छात्रों के भविष्य के साथ महाविद्यालय प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है प्रवेश लेने के बावजूद उनकी न तो समय से परीक्षा करा पा रहा और ना तो समय से रिजल्ट जारी करा पा रहा है। केवल छात्रों को मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्र नेता धीरज सिंह ने कहा कि यदि महाविद्यालय प्रशासन समय रहते हम सभी कि मांगो को जल्द से जल्द पूरा नहीं करता है तो महाविद्यालय के प्रशासनिक कक्ष और प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी करने को बाध्य होंगे। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने,अवैध वसूली बंद करनें, बीपीई का रिजल्ट जारी करने कि मांग,फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय,तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग,महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है।

## सूक्ष्मजीव इनोकुलेन्ट स्वस्थ फसलों के लिए बेहद उपयोगी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी में निदेशक डॉ तुषार कांति बेहेरा की निर्देशन में क्रियान्वित हो रही फार्मर्स फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत बंगालीपुर गांव के प्रगतिशील किसानों को संस्थान द्वारा मटर की उन्नत किस्म काशी उदय के बीज का वितरण किया गया` किसानों को संस्थान द्वारा विकसित किये जा रहे सूक्ष्मजीव इनोकुलेन्ट बीसी 6 जो मूलतः बैसिलस जीवाणुओं का कॉन्सोर्टिया है, के द्वारा बीज शोधन का सजीव प्रदर्शन प्रधान वैज्ञानिक डॉ डी पी सिंह के द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि माइक्रोबियल यानी सूक्ष्मजीव इनोकुलेन्ट के व्यापक उपयोग से किसान अपने खेतों में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं सूक्ष्मतत्वों जैसे जिंक आदि का जैविक एवं प्राकृतिक रूप से प्रबंधन कर सकते हैं और इनके माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ ही केमिकल रसायनों पर निर्भरता भी कम की जा सकती है और लागत को नियंत्रित किया जा सकता है इस अवसर पर फसल उन्नयन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नागेंद्र राय द्वारा किसानों को मटर की फसल के बीज शोधन हेतु पाउडर एवं तरल बीसी 6 कॉन्सोर्टिया भी वितरित किया गया` उपस्थित प्रधान वैज्ञानिक डॉ नीरज सिंह ने परियोजना के अंतर्गत किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुभदीप रॉय के अनुसार वैज्ञानिक लाभार्थियों के खेतों पर ही सब्जी फसलों पर किये जाने वाले सूक्ष्मजीव के प्रायोगिक अध्ययन का डाटा प्राप्त करके उसके प्रभावों का आकलन करेंगे साथ ही खेतों पर ही अन्य किसानों को एकत्र करके सूक्ष्मजीव उत्पादों के असर का प्रदर्शन किया जाएगा।

## अध्यक्ष नगरपालिका व जिलाधिकारी ने मत्स्य संपदा लाभार्थियों को दिखाई हरी झंडी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रायफल क्लब सभागार में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लाभार्थियों को चाभी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, परियोजना निदेशक राजेश यादव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य सपना पुरी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की संक्षिप्त जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत संचालित इंसुलेटेड वाहन, थ्री व्हीलर विद् आइस बाक्स एवं मोटर साईकिल विद आइस बाक्स के लाभार्थियों को जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल के द्वारा वाहन चालन हेतु चाभी का वितरण किया गया।

## स्काउड गाइड हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : डॉ. शिवराज मिश्रा

प्रखर वाराणसी। गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में गुरुवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान में पांच दिवसीय रोवर रेंजर प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा व विशिष्ट अतिथि मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया व महाविद्यालय के प्रबंधक एवं भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम रहे तथा संयोजक प्राचार्य डॉ.रिंकी सिंह रही।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य



अतिथि ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहां की स्काउटिंग इज द साइंस ऑफ आउटिंग स्काउट गाइड हमें जीवन जीने की कला सिखाती तथा विशिष्ट अतिथि ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहां की हम सभी किसी भी कार्य को अनुशासन में करते हैं तो यह में जीवन में निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है स्काउट गाइड बिना संसाधन के साधन बना कर जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रशिक्षक के रूप में जिला ट्रेनिंग काउंसलर उमेश कुमार केशरी, प्रदीप कुमार चतुवेर्दी, खुशबू मौर्य व पूजा मिश्रा रही। इस मौके पर महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. अंजना सिंह, डॉ. रीना गुप्ता, गौरव उपाध्याय, अपर्णा विश्वकर्मा, योगेश सिंह, अमृता सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', मुकेश यादव, स्नेहा मिश्रा, सपना पांडेय, राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव, राज कुमार मौर्य सहित अन्य प्रवक्तागण व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने किया।

## दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा एक सेमिनार का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा एक सेमिनार कादी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा एक सेमिनार का आयोजन पाण्डेयपुर स्थित वाराणसी शाखा परिसर आई.सी.ए. आई.भवन, प्लॉट न०2बी प्रेमचंद्र नगर कॉलोनी में किया गया जिसका विषय (Analysis of New Audit Report u/s 10B/ 10BB for Trusts) इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए. विशाल सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाखा अध्यक्ष सी.ए.अनिल कुमार अग्रवाल के स्वागत भाषण द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन शाखा सचिव सीए. नीरज कुमार सिंह ने किया` कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए. द्विजेन्द्र कुमार सिंह और संचालन सीए. मोहित यादव ने किया इस सेमिनार के वक्ता ने बताया की इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने नए फॉर्म 10बी और 10बीबी जारी किए है जिन्हें दान या धार्मिक ट्रस्टों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों या अन्य




शैक्षणिक संस्थानों को आयकर अधिनियम की धारा 10 (23सी) और 12ए के अनुरूप दाखिल करना होगा। आयकर अधिनियम,1961 की धारा 12ए के तहत, फॉर्म 10बी, ट्रस्ट या संस्थान किसी विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षणिक संस्थान या किसी अस्पताल या अन्य चिकित्सा संस्थान के मामले में ऑडिट रिपोर्ट से संबंधित है उसके पश्चात वक्ता ने बताया की फॉर्म नंबर 10बी में अधिनियम की धारा 11 और 12 के प्रावधानों को छोड़कर ट्रस्ट या संस्थान की कुल आय शामिल है जो पिछले वर्ष में 5 करोड़ रुपये से अधिक है या इस ट्रस्ट या संस्थान ने पिछले वर्ष में विदेशी से कोई योगदान दिया है` इन ट्रस्ट या संस्था ने पिछले वर्ष में अपनी आय का कोई हिस्सा भारत के बाहर लगाया हो इन नए फॉर्म के आने से ट्रस्ट, चेरिटेबल संस्थान,धार्मिक संस्थान व अन्य संस्थानों के बही खातों में पारदर्शिता व जिम्मेदारी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष सीए. सौरभ कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सीए सोमदत्त रघु, सीए आलोक शिवाजी, सीए अनिल श्रीवास्तव, सीए अनुराग श्रीवास्तव, सीए नारायण अग्रवाल, सीए संजय गुप्ता ,सीए सुरेश जैन, सीए नमन कपूर, सीए दीपक वर्मा, सीए चंदन चौबे, सीए रोहित विशंभरी, सीए के पी दुबे, आदि लोगो की उपस्थिति रही।

## पुलिस महिला और बच्चियों की सुरक्षा के लिए है तत्पर सहयोग करे : एसपी

प्रखर जौनपुर। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 4 के तहत बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से लगभग 70 बालिकाओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया गया तथा पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा से मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं को महिलाओं/बच्चियों के लिये चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं आदि की जानकारी दी गयी तथा महिला सम्बन्धी अपराधों के रोकथाम व त्वरित सहायता के लिये विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1930, 1090, 108, 1076, 1098 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । छात्राओं द्वारा सफलता हेतु पूछे गये सवालों का जवाब दिया गया तथा उन्हें मेहनत व लगन से पढ़ाई करने और जीवन की उच्चाईयों को छूने के टिप्स दिये गये। साथ ही उनके सुरक्षा का भी भरोसा दिया गया। योजनाओ की जानकारी रखे और आगे बढ़े। जिला से लेकर प्रदेश तक की पुलिस महिलाओ बच्चियो के सुरक्षा में तत्पर है। पुलिस का सहयोग करे और शक्ति शाली बने।

## सुधाकर महिला इण्टरमीडिएट कालेज में काशी सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता का आगाज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत 16 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2023 तक पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला इण्टरमीडियट कॉलेज में भी आयोजन किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में रस्सी कूद, 100 मी० दौड़, खो खो, शतरंज, साइकिल रेसिंग, बैडमिंटन, कबड्डी आदि खेलो का आयोजन किया जा रहा है` रस्सी कूद प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम छात्राओं में से रस्सी कूद में प्रथम स्थान राजनंदनी, द्वितीय स्थान तृप्ति मौर्या, तृतीय स्थान अनुष्का शर्मा को मिला जबकि 100 मी. दौड़ में 14 वर्ष से कम छात्राओं में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान वंशिका उपाध्याय, द्वितीय स्थान भाग्यश्री रावत, तृतीय स्थान रिद्धि शुक्ला को मिला` खेल में सर्वप्रथम 100 मीटर दौड़ का प्रारंभ प्रधानाचार्या आशा पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर किया संस्था प्रमुख डॉ. प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि खेलो से न केवल व्यक्तिगत विकास होता है बल्कि देश का भी विकास होता है` समन्वयक व शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि काशी सांसद खेल- कूद प्रतियोगिता प्रारंभ होने से एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिससे स्वस्थ और निरोगी होंगे और भारत आगे बढ़ेगा` निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिता में से आने वाले प्रतिभागी भविष्य में



ओलंपिक और एशियन खेलो में भारत की दावेदारी मजबूत करेगें` खेल के आयोजन में मुख्य, सहयोगी अध्यापिकाओं में अनीता सिंह, मोनिका उपाध्याय, आकांक्षा सिंह, दिव्या सोनकर, श्वेता सिंह, दर्शन पाण्डेय, सुमित सिंह और डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव एवं समस्त शिक्षको ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## गंगौली व महुआरी में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं का किया गया निस्तारण

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल का आयोजन करके ग्रामीणों की समस्याओं का गांव में ही समाधान किया जाय । इस ग्राम चौपाल कार्यक्रम को ले कर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बहुत सख्त हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही त्वरित समाधान किया जाय। इसी क्रम में आज शुक्रवार को संतकबीरनगर जिले के सबसे बड़े ब्लॉक सेमरियावां के महुआरी तथा गंगौली गांव के पंचायत भवन पर ग्राम चोपाल का आयोजन हुआ। गंगौली गांव के ग्राम सचिव कुणाल सिंह के अध्यक्षता में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिसमे ग्रामीणों ने बहुत बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अपनी समस्याओं से विकास खंड के अधिकारियो से अवगत कराया। ठीक इसी तरह महुआरि गांव के पंचायत भवन में ग्राम सचिव योगेंद्र कुमार गौड़ की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीण अपनी अपनी




समस्याओं को रखा। महुआरि गांव में राशन कार्ड पर नाम अंकित करने तथा राशन कार्ड में दर्ज नमो को कटवाने की बात रखी गई। प्रधान मंत्री आवास योजना की मजदूरी के भुगतान न होने की बात को ले कर ग्रामीणों ने चौपाल कार्यक्रम में अधिकारियो को बताया। किसान सम्मान निधि की , वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन आदि में आ रही समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विकासखंड से आए हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से अवगत कराया गया। निस्तारण कराया गया। गांव में जल निकासी की समस्या नाली की समस्या, आवागमन हेतु इंटरलॉकिंग आरसीसी तथा खड़ंजे की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने अपनी अपनी बात रखी सभी समस्याओं को लिखित तौर पर दर्ज करते हुए ग्राम सचिव ने निस्तारण का आश्वासन दिया तथा कुछ समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया गया। गंगौली गांव में ग्राम चौपाल कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कुमारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार ,पंचायत सहायक वंदना ,ग्राम सचिव कुणाल सिंह, बीटी रजनीश कुमार ,समाज कल्याण से आए हुए अंकित, पप्पू, विकास यादव, इजहार अहमद, उस्मान गनी, शमसुद्दीन, रज्जाक अहमद तथा महुआरी गांव में ग्राम चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान साइना खातून,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहमद सफीक, पंचायत सहायक अर्चना देवी ,ग्राम सचिव योगेंद्र कुमार गौड़, कोटेदार गयास-उद्दीन ,क्षेत्र पंचायत सदस्य राधिका देवी, लक्ष्मी शंकर ,अली हुसैन, समसुल, रामदीन, सुरेश चंद, सोनी, सपना ,शहजादे देवी ,मनीषा देवी, सुभावती ,शकुंतला देवी आदि ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## देश का आर्थिक विकास पर्यावरण संरक्षण पर हो आधारितः प्रो. एच.सी. पुरोहित

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में शुक्रवार को व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सस्टेनेबल इकोनामिक डेवलपमेंट विषयक द्विदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं दून विश्वविद्यालय देहरादून के फैकल्टी आफ मैनेजमेंट के संकायाध्यक्ष प्रो. एच. सी. पुरोहित ने कहा कि वर्तमान आर्थिक विकास मॉडल पारिस्थितिकी तंत्र पर आधारित है । अब देश का आर्थिक विकास पर्यावरण संरक्षण पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके बगैर भविष्य का आर्थिक विकास समीचीन नही होगा । उन्होंने उदाहरण के जरिये विद्यार्थियों को अर्थव्यवस्था को बढ़ाने वाले कारक , जीडीपी, जीएनपी एवं वर्तमान में चल रही सभी अर्थव्यवस्था के मॉडलों पर चर्चा की । उन्होंने कहा कि सतत विकास के माडलों का मूल वेदों और भारतीय दर्शन में विद्यमान है । वर्तमान में चल रहे सभी अर्थव्यवस्था के मॉडलों की तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि सतत विकास व विकास का ऐसा मॉडल होना चाहिए जो कि भावी पीढ़ी की जरूरतों को पूरा कर करे और वर्तमान पीढ़ी की आशा के अनुरूप हो । उन्होंने कहा कि ऐसे मॉडल से भारतीय दर्शन के द्वारा ही समूचे विश्व को इस क्षेत्र में सार्थक सन्देश दिया जा सकता है ।

# डेंगू में लापरवाही हो सकती है घातक



### डेंगू की पुष्टि

- एलाइजा विधि द्वारा डेंगू की पुष्टि होती है। स्थिति गंभीर होने का इंतजार न करें। सही समय पर जांच करवायें।



सहारा हॉस्पिटल के सीनियर फिजीशियन डॉक्टर सुनील वर्मा

**डेंगू** एक वायरल बीमारी है। मौसम के बदलने के साथ साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारियां भी बढ़ जाती है। इन बीमारियों में डेंगू प्रमुख है जिसका समय से इलाज न होने पर घातक रूप ले सकता है। लेकिन थोड़ी सी सावधानी जीवन दायक साबित होती है। सहारा हॉस्पिटल के सीनियर फिजीशियन डॉक्टर सुनील वर्मा ने बताया कि डेंगू के मात्र 20 फ़ीसदी मरीजों में प्लेटलेट चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। उन्ही मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाया जाता है जिनका प्लेटलेट काउंट 20000 से कम हो या शरीर के किसी हिस्से से रक्तस्राव हो रहा हो। डेंगू में अधिकतर मरीज लापरवाही के कारण और सावधानी न बरतने की वजह से गंभीर हो जाते है। डेंगू में मरीज को समय से और सही इलाज मिल जाए तो कुछ मामलों को छोड़कर ज्यादातर मरीजों में गंभीर होने की सम्भावना कम होती है।


इसमें अकेले साधारण डेंगू के लगभग सभी मरीज होते हैं। डेंगू हेमरेजिक फीवर और डेंगू शॉक सिंड्रोम के मरीज बहुत कम पाए जाते हैं। साधारण डेंगू में तेज बुखार, शरीर में दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत होती है। इसमें मरीज को बुखार उतारने की दवा और तरल पदार्थ दिए जाने चाहिए। ऐसे में, दर्द निवारक दवा देना नुकसानदायक होता है। इससे शरीर से रक्तस्राव होने की आशंका बढ़ जाती है।वहीं डेंगू हेमरेरजिक फीवर में साधारण डेंगू के लक्षणों के साथ शरीर में प्लेटलेट की मात्रा 20000 से कम हो जाती है। शरीर के किसी भी हिस्से से रक्तस्राव शुरू हो जाता है। डेंगू शॉक सिंड्रोम काफी गंभीर होता है। इसमें मरीज बेहोश होने लगता है। ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। कभी-कभी तो पल्स ही नहीं मिलती है। किडनी और लीवर के फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। डेंगू सबसे अधिक बच्चों, बुजुर्गो और उन लोगों के लिए खतरनाक होता है जो दूसरी गंभीर



- डेंगू के मात्र 20 फ़ीसदी मरीजों में प्लेटलेट चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है।
- उन्ही मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाया जाता है जिनका प्लेटलेट काउंट 20000 से कम हो या शरीर के किसी हिस्से से रक्तस्राव हो रहा हो।
- डेंगू में अधिकतर मरीज लापरवाही के कारण और सावधानी न बरतने की वजह से गंभीर हो जाते है।

### बचाव

- घर में और आसपास मच्छरों का पनपना रोकें।
- मच्छर नाशक दवाओं का प्रयोग करें।
- घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें क्योंकि डेंगू के जनक एडीज एजिप्टी मच्छर साफ पानी में ही लार्वा देते हैं।
- सुबह -शाम पूरे शरीर को ढक कर रखें यह मच्छर दिन में ही काटता है इसलिए पार्क में टहलने जाएं या लान में बैठें, तो पूरे कपड़े जरूर पहनें।
- बच्चों को खेलने भेजने से पहले पूरा कपड़ा पहना कर भेजे।
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।



- यदि बुखार का रोगी है तो उसे बिना मच्छरदानी के न रहने दें, ऐसे कमरे में रखें जिसकी खिड़की, दरवाजे पर जाली लगी हो।



### डेंगू बीमारी तीन प्रकार की होती हैं-

- साधारण डेंगू
- डेंगू हेमरेजिक फीवर
- डेंगू शॉक सिंड्रोम

### डेंगू के लक्षण

- तेज बुखार के साथ बदन में दर्द होना
- लगातार उल्टियां होना
- शरीर के किसी भी हिस्से से खून बहना
- बेहोशी आना और पल्स कमजोर होना

### डेंगू होने पर क्या करें?

- अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें।
- शरीर में दर्द होने पर दर्द निवारक दवाओं जैसे ब्रूफेन, निमेसुलाइड, डाइक्लोफिनेक और डिस्प्रिन का सेवन बिलकुल न करें।
- बुखार होने पर पैरासिटामोल का प्रयोग करें।
- ठंडे पानी से शरीर पोछें, गीली पट्टी को सिर पर भी रख सकते हैं।
- अधिक से अधिक आराम करें।
- नियमित रूप से प्लेटलेट काउंट की जांच करें
- प्लेटलेट चढ़ाने की आवश्यकता पड़ने पर फिजीशियन की सलाह पर ही ऐसा करें।

सहारा इंडिया परिवार के सीनियर एडवाइजर श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि हमारे अभिभावक माननीय सहाराश्री जी की सोच रही है कि कार्य में सदैव गुणवत्ता बनाए रखनी चाहिए उनके ही विजन से उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए विश्वस्तरीय सहारा हॉस्पिटल का निर्माण हुआ है। श्री सिंह ने बताया कि डेंगू से बचाव जरूरी है और अगर डेंगू के हल्के भी लक्षण नजर आएं, तो विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराएं। इलाज में देरी स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकती है।

# 67 वर्ष के हुए सनी



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सनी देओल आज 67 वर्ष के हो गए। 19 अक्टूबर 1956 को जन्मे सनी देओल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता धर्मेन्द्र हिंदी फिल्मों के जाने माने अभिनेता हैं। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण सनी अक्सर अपने पिता के साथ शूटिंग देखने जाया करते थे इस वजह से उनका भी रुझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेता बनने के ख्वाब देखने लगे। सनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई से पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के मशहूर ओल्ड बेव थियेटर में अभिनय की शिक्षा पूरी की। सनी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत अपने पिता की निर्मित फिल्म 'बेताब' से की। वर्ष 1983 में राहुल रवैल के निर्देशन में युवा प्रेम कथा पर बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। फिल्म' बेताब 'की सफलता के बाद सनी को' सोहनी महिवाल', 'मंजिल मंजिल', 'सनी', 'जबरदस्त' जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं हो सकी। वर्ष 1985 में सनी को एक बार फिर राहुल रवैल के निर्देशन में बनी फिल्म'अर्जुन' में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में सनी ने एक ऐसे युवा की भूमिका निभाई जो राजनीति के दलदल में फंस जाता है। फिल्म की सफलता के साथ ही सनी देओल एक बार फिर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खोई हुई पहचान बनाने में कामयाब हो गए। फिल्म अर्जुन की सफलता के बाद सनी देओल की छवि एंग्री यंग मैन स्टार के रूप में बन गई। इस फिल्म के बाद निर्माता निर्देशकों ने अधिकतर फिल्मों में सनी देओल की इसी छवि को भुनाया। इन फिल्मों में 'सल्तनत', 'डकैत', 'यतीम'', 'इंतकाम', 'पाप की दुनिया' जैसी फिल्में शामिल हैं। वर्ष 1990 में प्रदर्शित फिल्म 'घायल' सनी के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए सनी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार के साथ ही राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।


वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म 'नरसिम्हा' भी सनी के सिने करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। एन. चंद्रा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सनी देओल का किरदार पूरी तरह ग्रे शेडस लिए हुए था। इसके बावजूद वह दर्शकों की सहानुभूति पाने में कामयाब हुए और अपने दमदार अभिनय से फिल्म को सुपरहिट बना दिया। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'दामिनी' सनी के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। यूं तो यह पूरी फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री के इर्द गिर्द घूमती है लेकिन सनी ने अपनी विशिष्ट संवाद अदायगी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार और फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गए।



### आवाज से मधुमेह का पता लगाने के लिए

# नया एआई टूल

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)।** यह पता लगाना कि कोई व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है या नहीं, उसे अपने स्मार्टफोन में कुछ वाक्य बोलने जितना आसान हो सकता है, एक अभूतपूर्व अध्ययन में मधुमेह का पता लगाने में एक आवाज प्रौद्योगिकी को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ा गया है। अमेरिका में क्लिक लैब्स के वैज्ञानिकों ने एक एआई मॉडल बनाने के लिए उम्र, लिंग, ऊंचाई और वजन सहित बुनियादी स्वास्थ्य डेटा के साथ-साथ लोगों की आवाज के छह से 10 सेकंड का उपयोग किया, जो यह पता लगा सकता है कि उस व्यक्ति को टाइप 2 मधुमेह है या नहीं।



मेयो क्लिनिक प्रोसीडिंग्सः डिजिटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित मॉडल में महिलाओं के लिए 89 प्रतिशत और पुरुषों के लिए 86 प्रतिशत सटीकता है। अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने 267 लोगों (गैर या टाइप 2 मधुमेह के रूप में निदान) को दो सप्ताह के लिए प्रतिदिन छह बार अपने स्मार्टफोन में एक वाक्यांश रिकॉर्ड करने के लिए कहा।

18,000 से अधिक रिकॉर्डिंग से, वैज्ञानिकों ने गैर-मधुमेह और टाइप 2 मधुमेह वाले व्यक्तियों के बीच अंतर के लिए 14 ध्वनिक विशेषताओं का विश्लेषण किया। पेपर के पहले लेखक और क्लिक लैब्स के शोध वैज्ञानिक जेसी कॉफ़मैन ने कहा, हमारा शोध टाइप 2 मधुमेह वाले और बिना टाइप 2 मधुमेह वाले व्यक्तियों के बीच महत्वपूर्ण स्वर भिन्नताओं को उजागर करता है और मधुमेह के लिए चिकित्सा समुदाय की जांच के तरीके को बदल सकता है। मधुमेह का पता ल्द्मगाने के मौजूदा तरीकों में बहुत अधिक समय, यात्रा और खर्च की आवश्यकता होती है। वॉयस टेक्नोलॉजी में इन बाधाओं को पूरी तरह से दूर करने की क्षमता है। सिग्नल प्रोसेसिंग का उपयोग करके, वैज्ञानिक टाइप 2 मधुमेह के कारण आवाज में बदलाव का पता लगाने में सक्षम हुए। कॉफ़मैन ने कहा, आश्चर्यजनक रूप से, पुरुषों और महिलाओं में वे स्वर परिवर्तन अलग-अलग तरीकों से प्रकट हुए। अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ के अनुसार, दुनिया भर में मधुमेह से पीड़ित लगभग दो में से एक, या 240 मिलियन वयस्क इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह स्थिति है और मधुमेह के लगभग 90 प्रतिशत मामले टाइप 2 मधुमेह के हैं।



# पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाएंगी काजोल

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली फिल्म दो पत्ती में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म दो पत्ती में काजोल उत्तर भारत की पृष्ठभूमि से जुड़ी एक निर्भीक और बेधड़क पुलिसकर्मी की भूमिका में होंगी। काजोल पहली बार पुलिसकर्मी की भूमिका निभा रही हैं।फिल्म दो पत्ती में काजोल के साथ कृति सैनन भी अहम भूमिका में हैं।अभिनय के साथ-साथ कृति इस फिल्म से बतौर प्रोड्यूसर अपनी नई पारी शुरू कर रही हैं। 'दो पत्ती' ओटीटी प्लेटफॉर्म' नेटफ्लिक्स' पर रिलीज होगी।

### 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे

# टाइगर श्रॉफ

**मुंबई (भाषा)।** रोहित शेट्टी का पुलिस जगत टाइगर श्रॉफ के शामिल होने से बड़ा होने जा रहा है जिसमें अभिनेता फिल्म निर्माता की आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। 'हीरोपंती', 'बागी' और 'वॉर' जैसी फिल्मों में मुख्य किरदार निभाने वाले श्रॉफ 'सिंघम अगेन' में एसीपी सत्या की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में है। शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीर साझा करते हुए लिखा,'विशेष कार्य बल अधिकारी एसीपी सत्या से मिलिए, ये सच की तरह अमर हैं। दल में स्वागत है... टाइगर।'शेट्टी के इस पोस्ट पर श्रॉफ ने भी जवाब दिया, वहीं अजय देवगन ने भी टाइगर का फिल्म में स्वागत किया है। 'सिंघम अगेन' देवगन अभिनीत 'सिंघम' श्रृंखला की तीसरी फिल्म है जिसकी शुरुआत पहली फिल्म 'सिंघम' से वर्ष 2011 में हुई थी और उसके बाद 'सिंघम रिटर्न्स' आई।





### 'ए महामाई हो' रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर का देवी गीत 'ए महामाई हो' रिलीज हो गया है। देवीगीत 'ए महामाई हो' के गाने को जहां खुशबू तिवारी केटी ने अपनी आवाज में माँ का महिमा मंडन करके सबको भाव विभोर कर दिया है, वहीं इसके वीडियो में प्रतिष्ठा ठाकुर ने माँ महिमा की बखान किया है। इस देवीगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसके गीतकार बेबी दूबे हैं और संगीतकार विक्की वॉक्स है।

### भावुक प्रेम कहानी है

# 'चांद जलने लगा'

**मुंबई (आईएएनएस)।** कलर्स के नए शो 'चांद जलने लगा' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री कनिका मान ने शो में अपने किरदार के लिए की गई तैयारियों पर खुलकर बात की। 'चांद जलने लगा' में विशाल आदित्य सिंह और कनिका, देव और तारा की भूमिका में हैं। शो की कहानी बचपन के प्यार की असाधारण यात्रा को रेखांकित करती है, जो कभी एक-दूसरे के सहारा थे, लेकिन किस्मत उन्हें अलग कर देती है। जैसा कि सदियों पुरानी कहावत है 'प्यार वह आग है जो दिल को जला देती है,' 'चांद जलने लगा' वह धधकती आग है, जो साल की सबसे भावुक प्रेम कहानी होने का वादा करती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कनिका ने कहा, मैं तारा की भूमिका निभाती नजर आऊंगी। वह एक तेजस्वी और प्रतिबद्ध युवा महिला है जो अपने घावों को छिपाने के लिए दिखावा करती है। कनिका ने कहा, वह एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर में काफी प्रगति कर रही है, और वह अपने परिवार की शांतिदूत है। अपनी शांत उपस्थिति के तहत, तारा को अपने बचपन के दोस्त देव की यादें सता रही हैं।



### एक्सीडेंटल दूल्हा में नजर आयेंगे विक्रांत सिंह राजपूत

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म एक्सीडेंटल दूल्हा में काम करते नजर आयेंगे।फिल्म के निर्माता विवेक कुमार ,निर्देशक आनंद सिंह हैं। फिल्म एक्सीडेंटल दूल्हा का निर्माण अक्स पाठशाला इंटरटेनमेंट कर रही है। लेखक मनोज पाण्डेय हैं।

### फिल्म 'शाहकोट' में दिखेंगे गुरु रंधावा

**मुंबई (आईएएनएस)।** संगीत की दुनिया के बेताज बादशाह गुरु रंधावा सिंगिंग के बाद अब एक्टिंग में भी हाथ आजमा रहे हैं। वह अपनी पैन-इंडिया फिल्म 'शाहकोट' को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। यह फिल्म 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पंजाब के गौरव के रूप में पहचान बनाने वाले रंधावा, एक पंजाबी युवा इकबाल सिंह की भूमिका निभाते हैं, जिसके जीवन में विदेश में उद्यम करने के अपने सपनों का पीछा करने के बाद एक अप्रत्याशित मोड़ आता है। गुरु रंधावा टी-सीरीज बैनर के तहत फिल्म के कुछ गानों में अपनी मनमोहक आवाज भी देंगे, जो इस रोमांटिक कहानी में एक भव्य संगीतमय स्पर्श जोड़ देगी। कलाकारों में ईशा तलवार भी शामिल हैं, जो दक्षिण भारत में अपनी लोकप्रियता के लिए जानी जाती हैं। वह गुरु की प्रेमिका की भूमिका निभाती हैं। वह एक युवा महिला हैं, जिसने अपना पूरा जीवन राज बब्बर द्वारा अभिनीत अपने पिता अब्बा जी की देखभाल में बिताया है।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अन्तर्गत करंडा में बेटी जन्मोत्सव हुआ आयोजित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी महोदया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति 4.0 एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्ययोजना के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करण्डा में कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम महिला शक्ति केंद्र टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करण्डा के अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम में सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। जिसमें उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली समस्त लाभकारी योजनाएं, सभी हेल्पलाइन नंबर, पोक्सो एक्ट के तहत गुड टच और बैड टच तथा घरेलू हिंसा, बाल विवाह ,महिला स्वावलंबन आदि सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर जागरूक किया गया। बच्चियों के माता को हिमालय बेबी किट तोलिया एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग करण्डा के समस्त स्टाफ पुलिस स्टेशन करण्डा के स्टाफ एवं महिला शक्ति टीम से महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय, जिला समन्वयक शिखा सिंह गौतम , लक्ष्मी मौर्य उपस्थित रही।

## 2 चोरी की मोटरसाइकिल, देशी कट्टा व कारतूस संग जालसाज नोनहरा पुलिस के फंदे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल के द्वारा मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त अखिलेश बिन्द पुत्र मलगू बिन्द निवासी डाडेवन (बौरी) थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर के कब्जे से 02 अदद मोटर साइकिल चोरी की, कूटरचित एवं 01 अदद देशी कट्टा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर वहद ग्राम बौरी से बरामद की गयी । जिसके आधार धारा 411, 414, 420, 465, 468, 471 भा0द0वि0 व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रेतर विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है। जबकि अभियुक्त लाल बहादुर सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र माया सिंह निवासी ग्राम सरवनडीह थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर वांछित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय थाना नोनहरा, उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार यादव थाना नोनहरा, आरक्षी कासिम सिद्दीकी, कांस्टेबल प्रशांत सिंह, कांस्टेबल सोनू गोड़, कांस्टेबल आदर्श यादव शामिल रहे।

## एमएलसी रामसूरत राजभर के मंडल प्रतिनिधि बने अजय सिंह




प्रखर वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर ने अजय कुमार सिंह को अपना मंडल प्रतिनिधि नामित किया है। उन्होंने वाराणसी मंडल के सभी जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि मेरी अनुपस्थिति में अजय कुमार सिंह को मंडल के समस्त जनपदों में होने वाली बैठकों की सूचना एवं उनका एजेंडा प्रेषित किया जाए और मेरी अनुपस्थिति में अजय कुमार सिंह मेरे कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगे। बता दे कि अजय कुमार सिंह उदय प्रताप कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं । समाज सेवा के पृष्ठभूमि से आने वाले अजय कुमार सिंह की शख्सियत लोगों के बीच बहुत ही लोकप्रिय है। लोगों का कहना है कि अपने स्वभाव के अनुरूप अजय कुमार सिंह रामसूरत राजभर के प्रतिनिधि के रूप में समाज में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करेंगे । उनको प्रतिनिधि बनाए जाने की सूचना प्राप्त होने के बाद उनके मित्रों और शुभ चिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जौनपुर प्रथम बार पहुंचे दानिश आजाद अंसारी का कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत





जौनपुर। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ और हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जौनपुर का दौरा देर शाम किया दानिश आजाद अंसारी का जौनपुर डाक बंगले पर समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत।इस मौके पर श्री अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमारी सरकार में किसी भी तरीके का किसी के भी साथ कोई भेदभाव नहीं है हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम कर रही है,2024 के चुनाव के बारे में पूछने पर बताया कि इस बार एक बार फिर केंद्र में बीजेपी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। फिलस्तीन के मसले पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय का जो स्टैंड है वह विश्व में सबके सामने है उसको लेकर के कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। जौनपुर बीजेपी के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मेराज हैदर,अबरार खान,अशफाक अहमद, शोएब सिद्दीकी, अबू राफे,बख्तियार आलम, रियाजुल हक ने डाक बंगले पहुंचकर श्री अंसारी से मुलाकात की और जौनपुर में अल्पसंख्यक समुदाय और उनके मसले पर विस्तार से चर्चा की।

## हाईवा के चपेट मे आने से बाइक सवार हुआ जख्मी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनबरसा पुल के पास इरफान स्वर्गीय मकसूद उम्र 29 वर्ष निवासी टेकउर चुनार साहबगंज चकिया जिला चंदौली से चुनार जा रहे थे कि तेज रफ्तार मे हाईवा ट्रक ओवरटेक करते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया जिससे आई गंभीर चोटे स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पे पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा ले आई और चिकत्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया । वही पुलिस हाईवे को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

## कभी-कभी भगवान को भी भक्तो से काम पड़े

प्रखर अहरौरा (मीरजापुर)। नगर के चौक बाजार में स्थित शंकर जी के मंदिर पर चल रहे रामलीला में गुरुवार को कैकेई कोप भवन राम वन गमन केवट संवाद दशरथ मरण के लीला का मंचन किया गया। राजा दशरथ राम को राजा बनाने का घोषणा करते हैं जिसे सुनकर मंथरा कैकेई को भड़काती है। और भरत को राजा बनाने और राम को 14 वर्ष तक के लिए वन में भेजने के लिए राजा दशरथ से वचन मांगने को कहती हैं। कैकेई पूर्व में दिए गए दो वचनों की याद दिलाते हुए राजा दशरथ से राम को वन व भरत को राजगद्दी मांग लेती हैं। जिसे सुनकर राजा दशरथ भूमि पर गिर पड़ते हैं। इसके बाद राम सीता व लक्ष्मण को साथ लेकर वन की ओर निकल पड़ते हैं। इसके बाद राम केवट संवाद सहित विभिन्न लीलाओ का मंचन किया गया।



केवट संवाद प्रसंग का मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए। रामलीला में सुमंत ने प्रभु श्रीराम से घर जाने के लिए आग्रह किया तो राम ने मना कर दिया। यह सुनकर राम आगे बढ़े सुमंत वापस अयोध्या को आ गए। उधर, भगवान श्री राम सरयू नदी किनारे खड़े केवट से नदी पार करने के लिए नाव में बिठाने का आग्रह करने लगे। जो काफी मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया गया। व्यास शिरिष चंद्र ने कभी कभी भगवान को भी भक्तो से काम पड़े गाकर सुनाया तो भक्त भाव विभोर हो उठे।अध्यक्ष कुमार आनंद ने राम दरबार की आरती के साथ लीला का शुरूआत किया। इस दौरान बृजेश, पुण्य कुमार,अश्वनी ,विकास,सक्षम, सतीश सोनू,धीरज,कृतार्थ सहित अन्य रहें।

# पढ़ाई के साथ ये हैं जॉब के बेस्ट ऑप्शन

पढ़ाई पर पैरेंट्स की अच्छी-खासी रकम खर्च होने के बाद कई स्टूडेंट्स सोचते हैं कि अब अपने जेब खर्च के लिए माता-पिता से पैसे नहीं मांगने पड़े या फिर थोड़ा-बहुत कमा कर पैरेंट्स का बोझ कुछ कम कर सकें। इसके लिए छात्र-छात्राएं कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ पार्ट टाइम जॉब करना प्रेफर करते हैं, जिससे वे अपनी पॉकेट मनी खुद निकाल सके।

हालांकि, कई बार फैमिली में आर्थिक तंगी के चलते भी छात्र-छात्राओं को मजूबरन नौकरी करनी पड़ती है, जिससे वे अपनी फीस भर सकें। फैमिली को सपोर्ट कर सकें। परिस्थितियां कैसी भी हों लेकिन कुछ स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम नौकरी का विकल्प चुनते हैं। अगर आप भी उनमे से एक हैं तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं। हम कुछ जॉब ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करके आप पैरेंट्स की मदद कर सकेंगे, बल्कि खुद अपने पैरों पर भी



खड़े हो सकेंगे। आइए डालते हैं एक नजर।

**कंटेंट राइटिंग**

अगर आपकी लिखने में रुचि है तो आपके लिए कंटेंट राइटिंग एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। आजकल तमाम मैगजीन, डिजिटल वेबसाइट और अन्य न्यूज पेपर फ्रीलांसर राइटर की डिमांड करते हैं। ऐसे में आप अपने स्टडी टाइम के अनुसार आर्टिकल लिखकर ठीक-ठाक पैसे कमा सकते हैं।





**ट्यूशन**

ट्यूशन टीचर बनना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। अगर आपकी किसी भी सब्जेक्ट पर अच्छी पकड़ है और आपको लगता है कि इसे बेहतर तरीके से आप किसी को समझा सकते हैं तो आप ट्यूशन टीचर बनकर भी आप अपना खर्चा निकाल सकते हैं। इसके लिए भी सहूलियत यह है कि अपने पढ़ाई से बचे टाइम के बाद आप क्लासेस के लिए वक्त रख सकते हैं, जिससे आपकी पढ़ाई भी डिस्टर्ब न हो।

**फोटोग्राफी**

अगर आपको पिक्चर क्लिक करने का शौक और हुनर दोनों ही है तो आप फोटोग्राफी से भी अच्छा कमा सकते हैं। कंटेंट राइटर की तरह कई वेबसाइट्स पर आप अपनी फोटोज को सेल कर सकते हैं।

**हैंडमेड आइटम**

अगर आपके भीतर हुनर हैं तो आप हैंडमेड आइटम बनाकर भी कमा सकते हैं। आपको, जिस आइटम को बनाने में रुचि है आप वो बनाकर सेल कर सकते हैं।

# ग्रामीण महिलाएं भी इस तरह बना सकती हैं बेहतरीन करियर

आज के समय में हर महिला आत्मनिर्भर बनने में विश्वास रखती हैं और इसके लिए आगे कदम बढ़ा रही हैं। शहरों में रहने वाली महिलाओं के लिए करियर तराशना फिर भी आसान होता हैं, लेकिन गांवों की महिलाओं के लिए यह आज भी चुनौतीभरा है। बदलते दौर के साथ ही गांव की महिलाएं भी बेहतर करियर ऑप्शन तलाश रही हैं, ताकि भविष्य को संवारा और पैसा कमाया जा सके। वहीं, किसी भी कार्यक्षेत्र में कुछ अच्छा करने के लिए ग्रामीण महिलाओं और

**ब्यूटीशियन**

पहले तो गांव में इक्का-दुक्का महिलाएं ही पार्लर जाती थीं, लेकिन आजकल ग्रामीण इलाकों में भी शादी और फेस्टिव सीजन में ब्यूटी पार्लर्स में काफी भीड़ होती है। इसके अलावा फेस्टिव सीजन में भी अच्छी कमाई होती है।



लड़कियों को करियर से जुड़ी जानकारी होना बहुत जरूरी है। ऐसे में यहां हम आपको बेस्ट करियर ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं।

**एजुकेशन फील्ड**

अगर आपने ग्रेजुएशन कर रखा है तो आप टीचिंग फील्ड में अपना करियर बना सकती हैं। टीचर देश के भविष्य को गढ़ते हैं, ऐसे में इस फील्ड में सम्मान के साथ ही पैसा दोनों है। आप बीएड, डीएड या डीएलएड करके इस क्षेत्र में अच्छी सैलरी पा सकती हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरियों के लिए आसानी से अप्लाई कर सकती हैं।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तौर पर आप अच्छा करियर बना सकती हैं। इस प्रोफाइल पर रहकर आप सरकारी योजनाओं के तहत निर्धन महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए बेहतर काम कर सकती हैं। वहीं, 8वीं पास महिलाएं आंगनबाड़ी सहायिका के तौर पर भी काम कर सकती हैं।

**कढ़ाई -बुनाई**

आज के समय में जिसके पास ये हुनर है, उसे पैसों की कमी नहीं होगी। पहले का जमाना और था जब लोग फ्री में ये सब काम अपने परिचितों के लिए कर देते थे, लेकिन अब दौर अलग है। आज के समय में कढ़ाई-बुनाई का काम एक बेहतर करियर विकल्प हो सकता है। आजकल हाथों से बनी चीजों की वैल्यू भी हैं और मार्केट में इनकी अच्छी कीमतें भी मिलती हैं।

**सिलाई**

महंगाई के इस दौर में टेलर्स के रेट भी बहुत हाई हो गए हैं।

अगर आपका फैशन सेंस अच्छा है और आप क्रिएटिव भी हैं तो अपना बुटीक चला सकती हैं। साथ ही कुछ लोगों को रोजगार भी दे सकती हैं।

बुटीक को पहचान मिलने तक की देर है, फिर दूर-दूर से लोग आपके पास आएंगे।

## समाजवादी मजदूर सभा के कार्यकारिणी पदाधिकारियों को दिया मनोनयन पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी मजदूर सभा के नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन वितरण पत्र समारोह पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित हुआ। समाजवादी मजदूर सभा की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के मनोनयन पत्र वितरण समारोह आरंभ होने के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के साथ सभी कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनिक लाल श्रमिक जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनिक लाल श्रमिक ने मजदूर सभा के जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किया और उन्हें बधाई दी और समाजवादी विचारों से पूरी तरह लैस होने का आह्वान किया और कहा कि क्रांति हमेशा विचारों से हुई है भीड़ से नहीं। उन्होंने मजदूर सभा के नवमनोनीत पदाधिकारियों को कार्यकताओं को 2024 लोकसभा के चुनाव में देश की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा सरकार को श्रमिक मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार की श्रमिक एवं मजदूर विरोधी नीतियों से इस देश का श्रमिक मजदूर अथाह पीड़ा में है वह व्यथित होकर सड़कों पर है। रोजगार न मिल पाने के कारण वह भूखमरी के कगार



पर है और आत्महत्या करने को मजबूर हैं।। उनके बच्चों का लालन पालन, शिक्षा दीक्षा, दवा इलाज सब कुछ मुश्किल में है। श्रमिक मजदूरों की हालत अत्यन्त दयनीय स्थिति में है। भाजपा सरकार इनकी अनदेखी कर रही है।इनके दुख,दर्द और पीड़ा से भाजपा सरकार का कुछ भी लेना-देना नहीं है। उन्होंने कोटे की दुकान?से मिलने वाले चीनी, मिट्टी का तेल बंद करने पर मोदी सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि जिस मिट्टी के तेल से गरीब मजदूर की झोपड़ी रौशन होती थी उस मिट्टी के तेल पर प्रतिबंध लगाकर मोदी सरकार ने गरीबों मजदूरों को अंधेरे में ढकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा यदि भाजपा सरकार को श्रमिक मजदूर की तनिक भी चिंता है तो जितने भी पंजीकृत मजदूर श्रमिक हैं उन्हें तत्काल आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जायें। उन्होंने कहा समाजवादियों ने हमेशा गरीब मजदूरों की लड़ाई लड़ी है और आखिरी दम तक लड़ती रहेगी ।गरीब मजदूर हमेशा समाजवादी आंदोलन का केन्द्र बिन्दु रहा है।

जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि देश का गरीब मजदूर अथाह पीड़ा में है। बढ़ती मंहगाई के चलते उसका दोनों वक्त का चुल्हा जलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को मजदूरों गरीबों की कोई चिंता नहीं है। सरकार पूंजीपतियों के हित संरक्षित करने में व्यस्त हैं। उसकी सारी नीतियां पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के दृष्टिगत बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मजदूरों श्रमिकों के हित में तमाम फैसले लिए गये थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गांव?और गरीब की आवाज हमेशा बुलंद करती रही है। हम गरीब , मजदूर और श्रमिकों की लड़ाई अन्तिम दम तक लड़ेंगे।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति के प्रदेश आमंत्रित सदस्य रामधारी यादव,पुर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव,शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव मारकन्डेय यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सदानंद यादव, आजाद राय, रविन्द्र प्रताप यादव, निजामुद्दीन खां, योगेश राय,रजनी कान्त यादव, कमलेश यादव भानु, अशोक कुमार बिंद ,राहुल कुमार कन्नौजिया,मो.इरफान,चन्दा चौहान, सुग्गु यादव, द्वारिका यादव, साहब यादव, छन्नू यादव, चन्द्रभूषण सिंह, मो.इरफान कुरैशी, अमरजीत चौहान, मिथुन पांडे, जनार्दन यादव, पवन यादव, रविन्द्र यादव, अच्छेलाल यादव आदि उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष डॉ संजय कन्नौजिया और संचालन मजदूर सभा के प्रदेश सचिव जमुना यादव ने किया।



## आपके बच्चों का कॉन्फिडेंस बढ़ाने में मदद करेंगी ये टिप्स

पढ़ाई के साथ साथ अगर आपके बच्चे में कॉन्फिडेंस और हो तो फिर उसके सफल होने के ज्यादा चांसेज होते हैं। आज हम आपको अपने बच्चे का कॉन्फिडेंस बढ़ाने और उसे फ्यूचर में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं।

**नेगेटिव सेल्फ टॉक को पहचानना**

स्टूडेंट्स को नेगेटिव सेल्फ टॉक को पहचानना और उसे सकारात्मक पुष्टि से बदलना सिखाएं। उनकी आत्म-धारणा को आकार देने में उनके विचारों और शब्दों की शक्ति को समझने में उनकी सहायता करें।

**टारगेट सेट करें**

स्टूडेंट्स को ऐसे टारगेट सेट करने में मार्गदर्शन करें जो विशिष्ट, मापने योग्य और समयबद्ध हों। उनकी क्षमताओं में उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने के लिए उनकी प्रगति और उपलब्धियों का जश्न मनाएं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों।

**उनकी ताकत से रूबरू करायें**

छात्रों के काम पर विशिष्ट और रचनात्मक प्रतिक्रिया दें। केवल गलतियों को इंगित करने के बजाय, उनकी ताकत और वे जो सुधार कर सकते हैं, उस पर ध्यान दें।

**सही कॉन्सेप्ट के बारे में बताएं**

स्टूडेंट्स को ग्रोथ माइंडसेट के कॉन्सेप्ट के बारे में सिखाएं, जहां समर्पण और कड़ी मेहनत के माध्यम से क्षमताओं और बुद्धिमत्ता को विकसित किया जा सकता है। क्लास का ऐसा माहौल बनाएं जहां छात्र जजमेंट के डर के बिना अपने विचारों को व्यक्त करने में सुरक्षित महसूस करें। सहयोग और टीम वर्क को प्रोत्साहित करें, जिससे स्टूडेंट्स को एक-दूसरे से सीखने और अपने सामाजिक कौशल में विश्वास हासिल करने का मौका मिले।

## GENERAL KNOWLEDGE



- ऐसा कौन सा जीव है, जो जन्म से लेकर मृत्यु तक सोता ही नहीं है?

**उत्तर**- चींटी जन्म से लेकर मृत्यु तक नहीं सोती।

-भारत के किस शहर को खुशबुओं का शहर कहा जाता है?

**उत्तर**- उत्तर प्रदेश में स्थित कन्नौज को इत्र नगरी या खुशबुओं का शहर कहा जाता है।

- सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश कौन सा है?

**उत्तर**- पूरी दुनिया में भारत ही सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। भारत वैश्विक उत्पादन का 22 प्रतिशत उत्पादन करता है।

- चने में कौन सा विटामिन पाया जाता है?

**उत्तर**- काले चने में विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन डी, फॉस्फोरस, पोटैशियम, मैग्नीशियम के तत्व पाए जाते हैं।

- दुनिया की पहली घड़ी किस देश में बनाई गई थी?

**उत्तर** - दुनिया की सबसे पहली घड़ी का नाम पोमैंडर वॉच ऑफ 1505 (वॉच 1505) है। इसे जर्मन के अविष्कारक पीटर इंग्लैंड ने बनाया था।

- दुनिया में सबसे ज्यादा डॉक्टर किस देश में हैं?

**उत्तर**- दुनिया में सबसे ज्यादा डॉक्टर भारत में हैं।

- दुनिया का सबसे दुखी जानवर कौन सा है?

**उत्तर**- दुनिया का सबसे दुखी जानवर पोलर बियर है।

- समुद्र का राजा किसे माना जाता है?

**उत्तर**- मगरमच्छ को समुद्र का राजा माना जाता है।

- ऐसा कौन सा जानवर है, जिसे अपनी मौत के समय का पहले ही पता चल जाता है?

**उत्तर**- बिच्छू ही वो एकमात्र ऐसा जीव है, जिसे अपनी मौत के समय का पहले ही पता चल जाता है।

- कौन सा फल खट्टा और मीठा होता है?

**उत्तर**- तरबूज, खरबूजा, चीकू, अंगूर, सेब, पके आम आदि ऐसे फल हैं, जिनका स्वाद मीठा होता है, लेकिन नींबू, आंवला, संतरा, कच्चे आम आदि फलों का स्वाद खट्टा होता है।

- ऐसा कौन सा फल है जो मीठा होने के बाद भी बाजार में नहीं बिकता है?

**उत्तर**- मेहनत का फल ऐसा फल है जो मीठा होने के बाद भी बाजार में नहीं बिकता है।

## समुद्री क्षेत्र के लिए बने मध्यस्थता केंद्र : निर्मला

मुंबई (भाषा)।



■ इसके लिए विकसित हो क्षमता व कानूनी प्रणाली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश में समुद्री क्षेत्र के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (आईएमसी) बनाने की जरूरत बताई है। उन्होंने इसके लिए क्षमता और कानूनी प्रणाली के विकास का आह्वान किया है।

यहां तीन दिन के वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन वित्त मंत्री ने कहा कि लंदन या सिंगापुर या दुबई में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्रों में कई भारतीय काम कर रहे हैं। वे सभी वहां के वरिष्ठ वकीलों की मदद कर रहे हैं, लेकिन किसी मामले की अगुवाई नहीं कर रहे हैं। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है। सीतारमण ने कहा कि हमें मध्यस्थता प्रक्रियाओं तथा कानूनों को सुधारने व मजबूत करने की जरूरत है ताकि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप बन सकें।

सीतारमण ने कहा, 'जब हमने इसके लिए एक प्रणाली विकसित कर ली है तो हमारे पास एक मध्यस्थता केंद्र भी हो सकता है।' समुद्री क्षेत्र के वित्तपोषण में सुधार की आवश्यकता पर उन्होंने स्वीकार किया कि एक मजबूत बहीखाते के बावजूद बैंक इस क्षेत्र के वित्तपोषण के बारे में बहुत उत्साहित नहीं हैं। इसकी मुख्य वजह क्षेत्र से जुड़े अधिक जोखिम हैं।

## रुपया पांच पैसे की तेजी के साथ 83.23 प्रति डालर पर

मुंबई (भाषा)।

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रहने के कारण रुपया बृहस्पतिवार को डालर के मुकाबले पांच पैसे की तेजी दर्शाता 83.23 प्रति डालर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने बताया कि हालांकि, विदेशी कोषों की निकासी तथा घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 83.26 पर खुला। दिन में यह 83.23 के उच्चतम और 83.28 के निम्नतम स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की तेजी के साथ 83.23 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

बीएनपी पारिबा बाय शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, घरेलू बाजारों के कमजोर रुख और अमेरिकी डॉलर में तेजी के दबाव में बृहस्पतिवार को रुपये में गिरावट आई।

### इस बार फेस्टिव सीजन में सरकार रखेगी

# कीमतों पर कंट्रोल

■ केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने आम आदमी को दिलाया भरोसा

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि इस बार त्योहारी सत्र के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी। चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितम्बर) के दौरान चीनी निर्यात की अनुमति देने के बारे में निर्णय कृषि मंत्रालय का गन्ने का उत्पादन अनुमान आने के बाद लिया जाएगा। खाद्य सचिव गेहूं, चावल, चीनी और खाद्य तेल जैसे प्रमुख आवश्यक खाद्य पदार्थों की घरेलू आपूर्ति और कीमतों के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे थे।




चोपड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'त्योहारी मौसम के दौरान कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है। हम त्योहारी सत्र में (खाद्य वस्तुओं की कीमतों में) किसी भी तरह की बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में कीमतें स्थिर रहेंगी।' सचिव ने कहा कि सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण सुनिश्चित करने के लिए हाल ही में कुछ फैसले लिए हैं।

सरकार ने हाल ही में अपने नियंत्रण वाले सभी उपायों का उपयोग किया है, चाहे वह व्यापार नीति हो या स्टाक सीमा मानदंड। चोपड़ा ने कहा कि कीमतों पर नियंत्रण रखने और उन्हें स्थिर रखने के लिए इन तरीकों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग किया गया है। चोपड़ा ने कहा कि नए विपणन वर्ष की शुरुआत यानी एक अक्टूबर को चीनी का शुरुआती स्टाक 57 लाख टन था।

बुधवार को सरकार ने चीनी निर्यात पर अंकुश को इस साल 31 अक्टूबर से आगे अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। त्योहारी मौसम के दौरान घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

## आठ शहरों में खुदरा स्थल की मांग 46 फीसद बढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)।

खुदरा विक्रेताओं की बेहतर मांग के चलते चालू कैलेंडर साल के पहले नौ माह जनवरी से सितम्बर के दौरान आठ शहरों में पट्टे पर खुदरा स्थल की मांग 46 प्रतिशत बढकर 47.3 लाख वर्ग फुट हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में खुदरा स्थल की मांग 32.3 लाख वर्ग फुट रही थी।

शहरों के संदर्भ में बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) और पुणे की कुल खुदरा स्थल की मांग में



संयुक्त हिस्सेदारी 61 प्रतिशत से अधिक रही। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशया व अफ्रीका के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमन मैगजीन ने कहा, 'नए उपलब्ध स्थानों में वृद्धि और त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ हम खुदरा स्थलों की मांग में निरंतर वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।' मैगजीन ने कहा कि खुदरा क्षेत्र एक उल्लेखनीय बदलाव की राह पर है, जहां खुदरा विक्रेता अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, व्यक्तिगत सेवाओं तथा स्थान अनुकूलन के साथ 'इन-स्टोर' (कोई सेवा व वस्तु लेते सयम व उसके बाद के अनुभव)अनुभवों को नया रूप देने के इच्छुक हैं।

इस अवधि में दिल्ली-एनसीआर में नौ लाख वर्ग फुट स्थल पट्टे पर दिया गया। वहीं बेंगलुरु में 14 लाख वर्ग फुट, मुंबई में तीन लाख वर्ग फुट, हैदराबाद तथा चेन्नई में पांच लाख वर्ग फुट, पुणे में छह लाख वर्ग फुट, कोलकाता में एक लाख वर्ग फुट और अहमदाबाद में चार लाख वर्ग फुट खुदरा स्थल पट्टे पर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### टेस्ला का मुनाफा 44% घटा

लॉस एंजिलिस। टेस्ला का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 44 प्रतिशत गिरा। कंपनी जनवरी से नए वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और बैटरी बनाने वाली कंपनी ने जुलाई-सितम्बर तिमाही में 1.85 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध आय दर्ज की, जो एक साल पहले की तुलना में 44 प्रतिशत कम है। प्रति शेयर आय 95 सेंट से गिरकर 53 सेंट हो गई। हालांकि कंपनी का कुल राजस्व कुल राजस्व नौ प्रतिशत बढ़कर 23.35 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

### नेस्ले का मुनाफा बढ़ा

नई दिल्ली। मैगी, कॉफी जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तिसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 37.28 प्रतिशत बढ़कर 908.08 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मुनाफा 661.46 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी जनवरी-दिसम्बर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में शुद्ध बिक्री 9.43 प्रतिशत बढ़कर 5,009.52 करोड़ रुपये रही।

### अडाणी की ट्रांसमिशन लाइन

नई दिल्ली। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने सबसे बड़ी अंतर-क्षेत्रीय 765 केवी वरोरा-कुर्नूल बिजली ट्रांसमिशन लाइन शुरू कर दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार महाराष्ट्र, तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश में 1,756 सर्किट किलोमीटर तक फैली यह परियोजना पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों के बीच 4,500 मेगावाट का निर्बाध बिजली प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय ग्रिड को मजबूत करेगी। वरोरा कुरनूल ट्रांसमिशन को अडाणी एनर्जी संचालित करती है।

### शेयरों का मूल्य दायरा तय

नई दिल्ली। दवाओं का कच्चा माल बनाने वाली कंपनी ब्लू जेट हेल्थकेयर ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 329-346 रुपये प्रति शेयर कर मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 25 अक्टूबर को खुलेगा और 27 अक्टूबर को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए इसे 23 अक्टूबर को खोला जाएगा। ब्लू जेट हेल्थकेयर के अनुसार, यह निर्गम प्रवर्तकों अक्षय बंसारीलाल अरोड़ा तथा शिवेन अक्षय अरोड़ा की तरफ से 2.42 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश पर आधारित होगा।

### एसआईबी का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। साउथ इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 275 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 223 करोड़ रुपये रहा था। जुलाई-सितम्बर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 2,485 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,995 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज से आय बढ़कर 2,129 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,740 करोड़ रुपये रही थी।(एजेंसी)


## लैपटॉप व कंप्यूटर आयात के लिए लाइसेंसिंग मानदंडों में बदलाव

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर जैसे आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए थकाऊ लाइसेंसिंग मानदंडों में बदलाव किया है। अब ऐसे उत्पादों के आयातकों के लिए एक ऑनलाइन मंजूरी प्रणाली स्थापित की गई है।

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने बृहस्पतिवार यहां संवाददाताओं से कहा, 'नई लाइसेंसिंग या मंजूरी व्यवस्था का उद्देश्य मुख्य रूप से इन उत्पादों के आयात की निगरानी करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विश्वसनीय स्रोतों से आ रहे हैं। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी।' उन्होंने कहा कि आयात पर अंकुश को लेकर हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नीति में कुछ बदलाव किए गए हैं और आयातकों के लिए 'एंड-टू-एंड' ऑनलाइन प्रणाली शुरू की गई है।

सारंगी ने कहा कि यह प्रणाली आयातकों के लिए बिना कहीं जाए और बिना संपर्क विवरण भरने की सुविधा प्रदान करेगी। यह घोषणा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ने चार अगस्त को घोषणा की थी कि घरेलू विनिर्माण को बढावा देने और चीन जैसे देशों से आयात में कटौती करने के उद्देश्य से आयातकों को एक नवम्बर से इन वस्तुओं के आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत होगी।



नई लाइसेंस व्यवस्था भारत की विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर (टैबलेट कंप्यूटर सहित), माइक्रो कंप्यूटर, बड़े या मेनफ्रेम कंप्यूटर और कुछ डेटा प्रोसेसिंग मशीनों पर लागू है। डीजीएफटी ने कहा कि एक आयातक अभी से आयात का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए प्रणाली पर आवेदन कर सकता है। इसमें मात्रा, मूल्य या किसी देश पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

नई प्रणाली की तैयारी में राजस्व विभाग भी शामिल है और पूरी आवेदन प्रक्रिया में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा और सरल लाइसेंस स्वचालित तरीके से जारी किया जाएगा।

सारंगी ने कहा, 'अस्वीकृत इकाई सूची' में शामिल कंपनियों को लाइसेंस नहीं मिलेगा। ऐसी सूची में वे कंपनियां शामिल हैं जिन्होंने अग्रिम प्राधिकरण और निर्यात संवर्धन पूंजीगत सामान (ईपीसीजी) जैसी योजनाओं का लाभ उठाकर निर्यात दायित्वों को पूरा नहीं किया है या चूक की है या उनके खिलाफ डीआरआई (राजस्व आसूचना निदेशालय) के मामले चल रहे हैं।' पुराना सामान या नवीनीकृत वस्तुओं का आयात करने की इच्छुक कंपनियों को भी इस लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी क्योंकि उनके लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अलग है।

सारंगी ने कहा, 'हालांकि, एक ऑनलाइन प्रणाली लागू की गई है, लेकिन ये आईटी हार्डवेयर उत्पाद अब भी अंकुश की श्रेणी के अंतर्गत हैं और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।'

## एक हजार टन से अधिक रहेगी कोयले की आपूर्ति

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोयला मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में कोयले की आपूर्ति एक अरब टन से अधिक होने की संभावना है। कोयला मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में 101.2 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और उसे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार वर्ष की दूसरी छमाही में उत्पादन और बिक्री की दर आमतौर पर पहली छमाही की तुलना में अधिक होती है। इसलिए उम्मीद है कि इस वर्ष कोयले की आपूर्ति एक अरब टन के आंकड़े को पार कर जाएगी।'

पिछले वित्त वर्ष में नौ नवम्बर तक कोयले की आपूर्ति 50 करोड़ टन रही थी। चालू वित्त वर्ष में 50 करोड़ टन के लक्ष्य को 23 दिन पहले ही हासिल कर लिया गया है। बयान में कहा गया, 'रिकॉर्ड उच्च प्रदर्शन के साथ मंत्रालय ने 17 अक्टूबर, 2023 तक 50 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति का आंकड़ा पार कर लिया है। वर्ष की पहली छमाही में मानसून के मौसम के बावजूद 200 दिन में 50 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की गई।' इस 50 करोड़ टन कोयला की आपूर्ति में से 41.65 करोड़ टन बिजली क्षेत्र को और 8.47 करोड़ टन गैर-नियामक क्षेत्र को दिया गया। मंत्रालय ने कहा, 'बिजली क्षेत्र में कोयले की आपूर्ति में सालाना आधार पर 7.27 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

## डाबर की अनुषंगी कंपनियों पर अमेरिका और कनाडा में कई मुकदमे दायर हुए

नई दिल्ली (भाषा)।

डाबर इंडिया की तीन विदेशी अनुषंगी कंपनियां अमेरिका तथा कनाडा में उनके 'हेयर-रिलैक्सर' उत्पादों से गर्भाशय कैंसर और अन्य संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने के आरोपों में मुकदमों का सामना कर रही हैं।

कंपनियों पर अमेरिका और कनाडा में संघीय तथा राज्य अदालतों में कई मुकदमे दायर हुए। ये कंपनियां नमस्ते लैब, डर्मोविवा स्किन एसेंशियल्स इंक. और डाबर इंटरनेशनल लिमिटेड हैं। डाबर इंडिया ने देर रात शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, 'अमेरिका और कनाडा में संघीय और राज्य दोनों अदालतों में मुकदमें दायर किए गए हैं।

## अब सिर्फ चुनिंदा न्यूज वीडियो डालेगा यूट्यूब

■ विश्वसनीय समाचार स्रोतों से प्राप्त वीडियो ही 'वाच पेज' पर डाले जाएंगे

नई दिल्ली (भाषा)।

गूगल के स्वामित्व वाला यूट्यूब विश्वसनीय समाचार स्रोतों से प्राप्त वीडियो को ही 'वॉच पेज' पर सूचीबद्ध करेगा। यह भारत में आने वाले महीनों में उपलब्ध होगा। कंपनी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही।

यूट्यूब इंडिया की सरकारी मामलों व सार्वजनिक नीति की प्रमुख मीरा चट ने यहां 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम में कहा, 'आज मैं समाचारों के लिए 'वॉच पेज' पेश करते हुए खुश हूं, 'वॉच पेज' पर विश्वसनीय स्रोतों से उपलब्ध वीडियो ही सूचीबद्ध की जाएंगी।' उन्होंने कहा कि 'वॉच पेज' भारत में आने वाले महीनों में उपलब्ध होगा।




वहीं सूत्रों ने बताया कि सरकार ने यूट्यूब को भेजे अपने संचार में 'फर्जी समाचार' को परिभाषित नहीं किया है। चट ने कहा कि मंच ने अप्रैल-जून 2023 के बीच भारत में 20 लाख से अधिक वीडियो हटाएं हैं, जो नीतियों का उल्लंघन कर रहे थे।

## 14000 कर्मचारी निकालेगी नोकिया

■ बिक्री व मुनाफे में भारी गिरावट के बाद कंपनी बना रही इसकी योजना

हेल्सिंकी (एपी)।

दूरसंचार उपकरण बनाने वाली फिनलैंड की कंपनी नोकिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह तीसरी तिमाही की बिक्री तथा मुनाफे में गिरावट के बाद लागत कम करने के लिए दुनियाभर में 14,000 कर्मचारियों या अपने कार्यबल में 16 प्रतिशत तक कटौती करने की योजना बना रही है। कंपनी जनवरी-दिसम्बर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है।




कंपनी ने कहा कि इस कदम का मकसद बाजार की मौजूदा अनिश्चितता से निपटने के लिए उसके लागत आधार को कम करना और परिचालन दक्षता में सुधार करना है। नोकिया की ओर से जारी बयान के अनुसार, कंपनी का मकसद 2026 के अंत तक अपने लागत आधार में 80 करोड़ यूरो (843 अरब डॉलर) से 1.2 अरब यूरो के बीच कमी लाना है। इस कदम से कंपनी के कर्मचारियों की संख्या घटकर 72,000 और 77,000 के बीच रह जाएगी, जो अभी 86,000 है। राजस्व के हिसाब से कंपनी की सबसे बड़ी इकाई मोबाइल नेटवर्क कारोबार की आमदनी 24 प्रतिशत घटकर 2.16 अरब यूरो रह गई।

इस इकाई के परिचालन लाभ में 64 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसकी मुख्य वजह उत्तरी अमेरिकी बाजार का कमजोर रुख रहा। नोकिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पेक्का लुंदमार्क ने कहा, 'हम तीन स्तरों पर निर्णायक कार्रवाई कर रहे हैं रणनीतिक, परिचालन और लागत। मेरा मानना है कि ये कार्रवाइयां हमें मजबूत बनाएंगी और हमारे शेयरधारकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य प्रदान करेंगी।'

## दुबई की प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में केरल आईटी पवेलियन

कोच्चि (भाषा)।

दुबई में वार्षिक जीआईटीईएक्स वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी में केरल आईटी पवेलियन खोला गया है। यहां जारी एक बयान के अनुसार, टेक्नोपार्क के सीईओ कर्नल संजीव नायर (सेवानिवृत्त) और इन्फोपार्क तथा साइबरपार्क के सीईओ सुसांथ कुरुन्थिल ने संयुक्त रूप से राज्य के पवेलियन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न आईटी कंपनियां और जीटेक के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

केरल आईटी पार्क स्थित कंपनियां इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही हैं। यह प्रदर्शनी 16 अक्टूबर को दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू हुई थी। इस प्रदर्शनी के जरिए कंपनियों का मकसद वैश्विक कंपनियों के साथ सहयोग के अवसरों तलाशना है।

## भारत-अमेरिका के रिश्ते बेहतर बनाने में यूपीआई का अहम रोल

**वाशिंगटन (भाषा)।** भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम (यूपीआई) सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के लिए अमेरिका के वित्त अवर मंत्री जय शमबॉ ने बुधवार को हार्वर्ड लॉ स्कूल में एक भाषण में नई प्रौद्योगिकियों और सीमा पार भुगतान पर बात की। उन्होंने कहा कि आसियान देशों का समूह तेज भुगतान प्रणालियों को बहुपक्षीय रूप से जोड़ने की महत्वाकांक्षा रखता है। शमबॉ ने कहा कि पुरानी भुगतान प्रणालियों को उन्नत करने के लिए कई पहलें पहले से ही जारी हैं।

उन्होंने कहा कि भुगतान सेवा प्रदाता, सिस्टम ऑपरेटर, बैंक और एफएमआई व्यक्तिगत या वित्तीय क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी प्रणाली को तेज, सस्ता, अधिक पारदर्शी, अधिक सुलभ तथा अधिक कुशल बनाने के लिए परिचालन सुधार में निवेश कर रहे हैं। शमबॉ ने कहा कि मजबूत द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों वाले कुछ क्षेत्र आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तेज भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम के जरिए सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 248 अंक और टूटा


मुंबई (भाषा)।

वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी कोषों की निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 247.78 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 65,629.24 अंक पर बंद हुआ।

दिन में कारोबार के दौरान यह 533.52 अंक या 0.80 प्रतिशत टूटकर 65,343.50 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 46.40 अंक या 0.24 प्रतिशत के नुकसान के साथ 19,624.70 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में सूचना प्रौद्योगिकी फर्म विप्रो के शेयर में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई। एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नुकसान में रहे।

वहीं नेस्ले के शेयर में करीब चार प्रतिशत का उछाल आया। अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और एक्सिस बैंक के शेयर भी फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बढ़ते वैश्विक राजनीतिक तनाव के बीच स्थानीय बाजार मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव से निपटने के वैश्विक प्रयासों से बाजार में कुछ उम्मीदें हैं, लेकिन कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने उसे प्रभावित किया है।'



मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) प्रशांत तापसे ने कहा, 'पश्चिम एशिया में बढते भू-राजनीतिक तनाव के बीच बाजार कमजोर बने रहे। इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष गहराने, भारतीय कंपनियों के दूसरी तिमाही के निराशाजनक प्रदर्शन जैसे नकारात्मक कारकों से बाजार प्रभावित हुआ है।' अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में नुकसान में थे। वहीं अमेरिकी बाजार बुधवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 1.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को बिकवाल रहे और उन्होंने 1,831.84 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स बुधवार को 551.07 अंक या 0.83 प्रतिशत गिरकर 65,877.02 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 140.40 अंक या 0.71 प्रतिशत फिसलकर 19,671.10 अंक पर रहा था।

## सोना 250 रुपये मजबूत चांदी 500 रुपये टूटी

नई दिल्ली (भाषा)।

वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 250 रुपये की बढत के साथ 60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ 74,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

वैश्विक बाजारों में सोना तेजी के साथ 1,952 डॉलर प्रति औंस हो गया। जबकि चांदी की कीमत गिरावट के साथ 22.94 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

# भाजपा से एक छोड़ सभी मंत्रियों को मिली थी टिकट, आठ हारे थे चुनाव

भिलाई से
देवीलाल साहू

*छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव दिलचस्प होने जा रहा है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा ने टिकट वितरण के दौरान केवल एक मंत्री की टिकट काटी थी और पूरे मंत्रियों को टिकट दे दिया था। परिणाम आए तो जिन सभी मंत्रियों को टिकट दिया गया उसमें से केवल तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और उनके तीन मंत्री ही जीत दर्ज कर सके। 8 मंत्रियों ने अपनी सीट गंवा दी। इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मंत्रीमंडल भी भाजपा सरकार से ज्यादा है। उसके बावजूद भी इस चुनाव यानी वर्ष 2023 में एक भी मंत्री का टिकट कांग्रेस पार्टी ने नहीं काटा है। पूरे 12 मंत्रियों को टिकट दिया गया है। केवल एक मंत्री गुरु रूद्रकुमार की सीट ही बदली जा सकी है। उन्हे अहिवारा विधानसभा से नवागढ़ विधानसभा का प्रत्याशी बनाया गया है।*

## इस बार कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के सभी 12 मंत्रियों को दी है टिकट, पहले चरण के चुनाव में तीन मंत्रियों की होगी परीक्षा

### भाजपा के सीएम सहित 4 मंत्री जीते थे चुनाव

वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और उनके तीन मंत्री जीत हासिल कर सके थे। जिसमें कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर और खाद्य मंत्री पुन्नू लाल मोहिले ही जीत पाए थे। डॉ. रमनसिंह अपने पारंपरिक सीट राजनांदगांव विस से चुनाव लड़े थे। अजय चंद्राकर महासमुंद विस से जीते थे। मोहिले मुंगेली विस से और बृजमोहन अग्रवाल रायपुर दक्षिण विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारे गए थे।

### इस बार फिर मैदान में

वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव में भाजपा के आठ मंत्री भी चुनाव हारे थे लेकिन इस बार वर्ष 2023 में भी उन्हे पार्टी ने टिकट दिया है। भिलाई विधानसभा क्षेत्र से प्रेमप्रकाश पांडेय पिछला चुनाव हार गए थे। पार्टी ने इस बार भी इसी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। राजेश मूणत रायपुर पश्चिम, भैयालाल राजवाड़े बैकुंठपुर ,रामसेवक पैकरा प्रतापपुर ,अमर अग्रवाल बिलासपुर ,दयालदास बघेल नवागढ़ ,केदार कश्यप नारायणपुर और महेश गागड़ा को बीजापुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने मैदान में उतारा है।



### केवल एक मंत्री की टिकट थी काटी

भाजपा ने वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव में अपने केवल एक मंत्री का टिकट काटी थी। महिला एंव बाल विकास मंत्री रमशीला साहू को भाजपा ने टिकट नहीं दिया था। रामशीला साहू को परिसीमन के बाद व गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2013 विधानसभा चुनाव में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में शिफ्ट की गई थी। यहां से जीत हासिल करने के बाद मंत्री पद मिला था।

### एक मंत्री की सीट बदली, बाकी को पुरानी से ही टिकट

भूपेश बघेल की सरकार में कांग्रेस के 12 मंत्रियों को इस चुनाव में टिकट दी गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने परंपरागत सीट पाटन विधानसभा से ही इस बार चुनाव लड़ रहे हैं। शेष 12 मंत्रियों में उपमुख्यमंत्री टीएस सिहदेव स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। सिंहदेव अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। परिवहन, वन, आवास मंत्री मोहम्मद अकबर को कवर्धा से टिकट दी गई है। कृषि और जैव-प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन मंत्री रवीन्द्र चौबे अपनी परंपरागत सीट साजा से चुनाव लड़ रहे हैं। राजस्व आपदा मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा विधानसभा, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल खरसिया विधानसभा, महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया डौडीलोहारा विधानसभा, वाणिज्य कर मंत्री कवासी लखमा कोंटा विधानसभा, सहकारिता मंत्री प्रेमसाय टेकाम प्रतापपुर विधानसभा, श्रम व नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया आरंग विधानसभा, खाद्य मंत्री अमरजीत सिहं भगत सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। पीएचई मंत्री गुरु रूद्र कुमार नवागढ़ विधानसभा से उतारे गए हैं।

# कांग्रेस ने बांटा जातिगत समीकरण के आधार पर टिकट, आदिवासी-ओबीसी पर अधिक फोकस

रायपुर से
सुरेंद्र शुक्ला

*छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं। पहली और दूसरी सूची मिलाकर 83 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम जारी किए है। कांग्रेस ने जातिगत समीकरण को ध्यान मे रख कर टिकट बांटा है। कांग्रेस ने ओबीसी से ज्यादा आदिवासी नेताओं पर फोकस किया है। 83 में से 32 सीट पर आदिवासी वर्ग के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है।*

*कांग्रेस ने अब तक जारी सूची में विधानसभा सीटों पर 14 महिला प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं 47 वर्तमान विधायकों पर फिर से भरोसा किया है। वहीं जातिगत समीकरण कों देखें तो कांग्रेस ने सामान्य वर्ग से 14 प्रत्याशी घोषित किए हैं। ओबीसी से 26, अनुसूचित जाति से 9, अनुसूचित जनजाति से 32 और अल्पसंख्यक से 2 नेताओं को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस ने एसटी आरक्षित सीटों से ज्यादा आदिवासी नेताओं पर भरोसा किया है।*



### आदिवासी नेताओं पर लगाया दांव

राज्य में 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति जनसंख्या है और विधानसभा के 90 सीट में से 29 सीट इन वर्ग के लिए आरक्षित है। कांग्रेस ने अब तक जारी सूची में 32 आदिवासियों को मौका दे चुकी है। बताया जाता है कि कांग्रेस पर 2018 के चुनाव में आदिवासियों ने भरोसा जताया था। 29 आरक्षित सीटों में 27 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज किया था। माना जा रहा है कि कांग्रेस अब फिर से 2018 के परिणाम को दोहराने करने के लिए आदिवासियों पर दांव लगा रही है।

### यहां से आदिवासी नेताओं को उतारा

चित्रकोट से दीपक बैज, कोंडागांव से मोहन मरकाम, डौंडीलोहरा से अनिला भेड़िया, मोहला मानपुर से इंदरशाह मंडावी, अंतागढ़ से रूपसिंह पोटाई, भानूप्रतापपुर से सावित्री मंडावी, कांकेर से शंकर ध्रुव, केशकाल से संतराम नेताम, नारायणपुर से चंदन कश्यप, बस्तर से लखेश्वर बघेल, दंतेवाड़ा से छबिंद्र कर्मा, बीजापुर से विक्रम मंडावी, कोंटा से कवासी लखमा, भरतपुर-सोनहत से गुलाब सिंह कमरो, बसना से देवेंद्र बहादुर सिंह, कटघोरा से पुरषोत्तम कंवर, प्रेमनगर से खेलसाय सिंह, प्रतापपुर से राजकुमारी मरावी, रामानुगंज से डॉ. अजय तिर्की, सामरी से विजय पैकरा, लुण्ड्रा से डॉ. प्रीतम राम, जशपुर से विनय कुमार भगत, कुनकुरी से यूडी मिंज, पत्थलगांव से रामपुकर सिंह, धर्मजयगढ़ से लालजीत सिंह राठिया, लैलूंगा से विद्यावती सिदार, रामपुर से फूलसिंह राठिया, पाली तानाखार से दुलेश्वर सिदार, मरवाही से डॉ. केके ध्रुव, बिंद्रानवागढ़ से जनक लाल ध्रुव, भटगांव से पारसनाथ राजवाड़े और सीतापुर से अमरजीत भगत को टिकट दिया गया है।

### एससी वर्ग 9 और अल्पसंख्यक वर्ग के 2 को टिकट

आरंग से डॉ शिवकुमार डहरिया, नवागढ़ से गुरु रूद्रकुमार, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी, सारंगढ़ से उत्तरी जांगड़े, मुंगेली से संजीत बनर्जी, मस्तूरी से दिलीप लहरिया, पामगढ़ से शेषराज हरबंश, बिलाईगढ़ से कविता प्राण लहरे और अहिवारा से निर्मल कोसरे का नाम है। इसके अलावा अल्पसंख्यक में कवर्धा से मोहम्मद अकबर और बेमेतरा से आशीष छाबड़ा को टिकट दिया गया है।

### सामान्य वर्ग के इनको दिया टिकट

अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव, कोरबा से जयसिंह अग्रवाल, साजा से रविंद्र चौबे, कोटा से अटल श्रीवास्तव, तखतपुर से रश्मि आशीष सिंह, बिलासपुर से शैलेश पांडे, बेलतरा से विजय केसरवानी, अकलतरा से राघवेंद्र सिंह, रायपुर से ग्रामीण पंकज शर्मा, रायपुर से पश्चिम विकास उपाध्याय, रायपुर से दक्षिण महंत रामसुंदर दास, राजिम से अमितेश शुक्ल, दुर्ग शहर से अरुण वोरा, बलौदा बाजार से शैलेश नितिन त्रिवेदी को मैदान में उतारा गया है।

### ओबीसी वर्ग के 26 नेताओं को टिकट

पाटन से भूपेश बघेल, खरसिया से उमेश पटेल, सक्ति से डॉ चरणदास महंत, दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, पंडरिया से नीलकंठ चंद्रवंशी, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, राजनांदगांव से गिरीश देवांगन, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू, खल्लारी से द्वारकाधीश यादव, भाटापारा से इंदरकुमार साव, धरसीवा से छाया वर्मा, अभनपुर से धनेंद्र साहू, कुरूद से तारिणी चंद्राकर, संजारी से संगीता सिन्हा, गुंडरदेही से कुंवर सिंह निषाद, वैशाली नगर से मुकेश चंद्राकर, भिलाई नगर से देवेंद्र यादव, जगदलपुर से जितिन जायसवाल, रायगढ़ से प्रकाश नायक, लोरमी से थानेश्वर साहू, बिल्हा से सियाराम कौशिक, जांजगीर चांपा से व्यास कश्यप, चंद्रपुर से रामकुमार यादव, जैजैपुर से बालेश्वर साहू और मनेंद्रगढ़ से रमेश सिंह को टिकट मिला है।

# बृहस्पत बोले- छत्तीसगढ़ के शिंदे बनेंगे टीएस, 15-20 विधायकों के साथ भाजपा से जा मिलेंगे





चुनाव से पहले बृहस्पत सिंह का उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर सनसनीखेज आरोप

रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, जुबानी जंग भी तेज हो रही है। कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद यह जंग आपस में ही और तेज होती नजर आ रही है। टिकट कटने के बाद रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने गुरुवार को उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर सनसनीखेज आरोप लगाए। बृहस्पत सिंह ने दावा किया कि टीएस सिंहदेव भाजपा के साथ मिले हुए हैं। लगातार उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से बात हो रही है।

टीएस सिंहदेव को अगर कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की तरह छत्तीसगढ़ का एकनाथ शिंदे बन जाएंगे। 10-15 विधायकों को लेकर वे भाजपा के साथ जा मिलेंगे और मुख्यमंत्री बन जाएंगे। बृहस्पत सिंह यहीं नहीं रुके, उन्होंने अंबिकापुर, रायपुर दक्षिण, राजनांदगांव समेत कुछ सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सेटिंग होने की बात कही। बृहस्पत सिंह ने दावा किया कि रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में कोई भी कांग्रेस नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुआ। फिर भी 200 किलोमीटर दूर से अजय तिर्की को लाकर टीएस सिंहदेव ने प्रत्याशी बनाया है। बृहस्पत सिंह ने उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर लगातार पार्टी विरोधी बयान देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री के रूप में चार पन्नों की अपनी चिट्ठी से टीएस सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ में आवास के मुद्दे पर भाजपा को प्रदर्शन का अवसर दे दिया। उनके पत्र की वजह से हर कांग्रेसी विधायक के घर प्रदर्शन होने लगे। घोषणापत्र के वादों को पूरा करने के मामले में भी टीएस सिंहदेव का बयान बाकी नेताओं से अलग रहा। सभी नेता कहते रहे कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 36 में से 34 वादे पूरे कर लिए। टीएस सिंहदेव कहते हैं 36 में से सिर्फ 12 वादे ही पूरे किए गए हैं। इसके बाद भी पार्टी ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। और तो और 75 पार सीटें जीतने को लेकर भी टीएस सिंहदेव अलग-अलग बयानबाजी करते नजर आए। उन्होंने कह दिया कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी 50-55 सीट जीतने जा रही है। इसके बाद भी कांग्रेस नेतृत्व ने कोई कार्रवाई नहीं की। अपने अगले कदम के संबंध में बृहस्पत सिंह ने कहा मैं कांग्रेस पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं और रहूंगा। मैं पार्टी के खिलाफ नहीं जाऊंगा।

### लगातार दबाव बना रहे सिंहदेव

बृहस्पत सिंह ने कहा कि दरअसल कांग्रेस नेतृत्व टीएस सिंहदेव से डर गया है। इसीलिए उनकी हर बात मान रहा है। पहले टीएस सिंहदेव ने उपमुख्यमंत्री बनने के लिए दबाव बनाया। पार्टी ने वह बात मान ली। टिकट वितरण को लेकर भी टीएस सिंहदेव ने दबाव बनाया। अब वह मुख्यमंत्री बनने को लेकर भी पार्टी पर दबाव बनाएंगे।

### सर्वे के आधार पर टिकट : टीएस

इधर, बृहस्पत सिंह के टिकट कटने पर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिले, इसका आधार सर्वे था। उन्होंने कहा कि बृहस्पत सिंह की टिकट मेरे वजह से कटी, ऐसा नहीं है। सर्वे में आया होगा इनके जीतने के चांस कम हैं, तब कटी होगा। छन्नी साहू के साथ भी कहीं न कहीं ऐसी बात हुई होगी।

## बातें अपनी-अपनी ...

# कौन कितना सच्चा

**चरणदास बोले :** केंद्र कर रही नगरनार का निजीकरण, साव ने शराब घोटाले पर घेरा

### प्रधानमंत्री बोल रहे हैं झूठ



*बस्तर में आदिवासियों के लिए खुलता स्टील प्लांट मोदी सरकार को फूटी आंख नहीं सुहाता, नगरनार प्लांट के निजीकरण की प्रक्रिया जारी है लेकिन प्रधानमंत्री फिर भी झूठ बोल रहे हैं -*

-@bhaktacharandas

### नकली होलोग्राम से शराब घोटाला



*छत्तीसगढ़ में 19.2 करोड़ अवैध शराब की बोतलों की नकली होलोग्राम के जरिए बिक्री हुई है। इतना बड़ा शराब घोटाला हुआ, क्या मुख्यमंत्री भूपेश को इसका पता ही नहीं चला?*

-@arunsao3

## नज़रिया...




# पांच दशक की हार के बाद भाजपा ने 2007 में खेला जातिवाद कार्ड, पहले प्रयोग में सफलता

## खैरागढ़ विस में इस बार विक्रांत-यशोदा के बीच मुकाबला





राजनांदगांव से
सत्यम शर्मा

**राजनांदगांव** जिले में शामिल रही और अब नवगठित जिला केसीजी की विधानसभा सीट खैरागढ़ का भी इतिहास रोचक रहा है। 1957 में हुए पहले विधानसभा चुनाव के बाद से ही अब तक इस सीट में राज परिवार और कांग्रेस का दबदबा रहा है। करीब पांच दशक तक लगातार इस सीट से जीत हासिल करते आ रही कांग्रेस को हराना यह असंभव होता जा रहा था। इसी बीच साल 2007 में कोमल जंघेल को प्रत्याशी बनाकर पहली बार भाजपा ने यहां जातिवाद का कार्ड खेला था। मिलनसार और लोधी समाज से होने का फायदा कोमल जंघेल को मिला और पहली दफा कांग्रेस का कब्जा इस सीट से हटाकर किसी अन्य ने जीत हासिल की। उस चुनाव में 15 हजार के भारी भरकम अंतर से उन्होंने वह चुनाव जीता था।

इस चुनाव में मिली कांग्रेस को हार के बाद भाजपा की स्थिति भी लगातार विस में मजबूत होने लगी और 2008 में भी पार्टी को जीत हासिल हुई। हालांकि 2007 के बाद कांग्रेस ने भी जातिवाद को अपना सहारा बनाया और पहली बार लोधी समाज के मोतीलाल जंघेल को प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस के उस पहले प्रयोग को सफलता नहीं मिली थी। मोतीलाल चुनाव हार गए थे। इसके बाद से ही लगातार दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा लोधी समाज से ही अपना प्रत्याशी उतारते आए हैं। हालांकि इस बार भाजपा वापस राज परिवार की तरफ लौटी है और विक्रांत सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि कांग्रेस ने लोधी समाज से आने वाली मौजूदा विधायक यशोदा वर्मा को टिकट दिया है।

### पिछले पांच में 4 बार जातिवाद हावी

भले ही खैरागढ़ में 2007 तक राज परिवार का दबदबा रहा हो, लेकिन बीते डेढ़ दशक से जातिवाद इस सीट पर हावी रहा है। यही कारण है की पिछले पांच में से चार विधायक सिर्फ लोधी समाज से रहे हैं। इनमें भाजपा से कोमल जंघेल दो बार और कांग्रेस से गिरवर जंघेल व यशोदा वर्मा एक-एक बार शामिल हैं। खास बात यह है कि 2007 से पहले कभी इस सीट पर लोधी समाज से कोई विधायक नहीं बना था।

# विकास पर छिड़ी जंग, एक-दूसरे पर लगाया आरोप

रायगढ़ से
राजेश रंजन सिन्हा

## गांव गरीब की सरकार ने अपने वादे पूरे किए: उमेश पटेल



कांग्रेस प्रत्याशी

सवाल-आप खरसिया क्षेत्र से पुनः कांग्रेस के प्रत्याशी हैं आप चुनाव जीतने को लेकर कितने आश्वस्त हैं?

जवाब -खरसिया सीट मेरे लिए विधानसभा नहीं है,मेरा घर है।इस सीट पर 1990 से मेरे स्वर्गीय पिता नंदकुमार पटेल विधायक मंत्री रहे हैं। उनकी शहादत के बाद 2013 से मैं विधायक हूं। चुनाव मैं नही मेरे क्षेत्र का एक एक मतदाता लड़ता है। मेरा मतदाता जानता है कि जब मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सड़कों का बुरा हाल था तब भी सड़क,बिजली, पानी को लेकर उसे विचार नहीं करना पड़ता था।मूलभूत सुविधाओं के लिए उसे भटकना नही पड़ता।

सवाल - 5 साल के कार्यकाल को कैसा मानेंगे?

जवाब - इन पांच सालों के कार्यकाल में एक अंतरराष्ट्रीय आपदा कोरोना भी आई, जिसने कार्य की गति पर रोडे अटकाए। अगर उस दो साल को छोड़ दिया जाय तो विकास कार्य बहुत हुए, लोगों के लिए सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। किसानों के लिए, मजदूरों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में आत्मानन्द विद्यालय के माध्यम से बहुत कार्य किए गए हैं।

सवाल - कानून व्यवस्था की स्थिति कैसी है ?

जवाब -कानून व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक है। नक्सली घटना जिसका मुझे सबसे ज्यादा नुकसान अपने पिता शहीद नंदकुमार पटेल और पिता तुल्य भाई शहीद दिनेश पटेल की झीरम घाटी में शहादत से हुआ है। धीरे धीरे नक्सली घटनाओं में कमी आई है।

सवाल- घोषणा पत्र के कितने वादे पूरे हुए?

जवाब - मैं पुनः अपनी बात को दोहराऊंगा कि सरकार का ध्यान 2 वर्ष कोविड -19 में लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने व महामारी से लड़ने में लगा रहा। प्राथमिकता भी थी कि लोगों की जान पहले बचाई जाए।फिर भी बाकी बचे समय मे हमने लगभग सभी घोषणाओं पर काम किया है। लोगों के बिजली बिल माफ हुए ,धान का बोनस,ऋण माफी।

सवाल - जिले में रोजगार और उद्योगों की हालत कैसी है ?

जवाब -ठीक है उद्योग मेरे क्षेत्र में काफी हैं वहां बकायदा योग्यता के हिसाब से रोजगार मिल रहा है। अभी तो रोजगार मेला लगाकर युवाओं को रोजगार दिलाने की दिशा में सरकार की अच्छी पहल रही है। मेरे क्षेत्र के काफी युवाओं को उद्योगों ने अवसर दिया है।

सवाल -आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आपकी क्या योजना है, क्षेत्र के लिए के क्या नई सौगात देना चाहेंगे ?

जवाब -खरसिया विधानसभा को प्रदेश में सबसे विकसित विधानसभा के रूप में मेरे स्वर्गीय पिता शहीद नंद कुमार पटेल देखना चाहते थे। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य किसी भी दृष्टि से हो उस पर काम करेंगे।एक एजुकेशन हब बनाने की मेरी इच्छा है ताकि मेरे क्षेत्र मेरे जिले के होनहार विद्यार्थियो को भटकना न पड़े।

## विकास ठप, कानून व्यवस्था चौपट, असफल सरकार : महेश



भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी खरसिया विधानसभा

सवाल-भाजपा के आप घोषित उम्मीदवार हैं विधानसभा चुनाव जीतने की क्या सम्भावना हैं।

जवाब -टिकिट मिलने के बाद से मैं निरन्तर जनसम्पर्क में हूं। हर गांव मोहल्ले में मुझे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पिछले 20 वर्षो से खरसिया विधानसभा में निरन्तर सक्रिय रहा हूं।बेशक चुनाव पहली बार लड़ रहा हूं लेकिन जनता के लिए पुराना चेहरा हूं।खरसिया विधानसभा में स्वास्थ्य सड़क,शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक कार्य करने की आवश्यकता है।

सवाल - कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल को कैसा मानेंगे?

जवाब - पूरी तरह असफल रहा है। 2018 में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प हो गए। अराजकता कमीशनखोरी,भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई भी काम किसी भी दफ्तर में कराने जाइये बिना पैसे दिए कोई काम नहीं हो रहा है। सरकार कर्ज में डूबी हुई है। जो सरकार कर्ज में डूबी हो वो विकास कार्य क्या करेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों को छोड़ दीजिए तो स्थानीय सड़कों की दुर्दशा है। आवागमन के साधन की बुरी दुर्दशा है।

- सवाल- जनता से जो वायदे कांग्रेस ने चुनाव में किए थे वह पूरे हुए या नहीं?

जवाब- कोई वायदा पूरा नहीं किया गया है। अनियमित को नियमित किये जाने की बात करें तो कई कर्मचारी अनियमित ही रिटायर हो जाएंगे। इस आस में कब हम नियमित होंगे।शराब बंदी की बात करें, गंगाजल हाथ मे लेकर कसम खाने वालों को जनता जान चुकी है। आज शराब बन्द नहीं होने के कारण गांव गांव में परिवार बिखर रहे हैं।

- सवाल - जिले में रोजगार और उद्योगों की हालत कैसी है?

जवाब- जिले में कल कारखाने खदानों की कमी नहीं है परन्तु स्थानीय व्यक्तियों को अकुशल बोलकर काम नहीं दिया जाता। वहीं बाहरी लोगों को टेक्निकल बताकर नौकरी दी जा रही है। सरकार उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिला पाने में अक्षम है। यहाँ के स्थानीय लोगों के हिस्से सिर्फ उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण है, जिससे तमाम तरह की बीमारियां हो रही है।धूल धुंआ जिंदगी बन गया है।

- सवाल- भाजपा भ्रष्टाचार कमीशनखोरी की बात कहती है?

जवाब- शराब घोटाला ,ईडी 2019 से 2022 के बीच हुए 2000 करोड़ के घोटाले की जांच कर रही है। जिसमें चार तरीकों से भ्रष्टाचार किया गया था। डिस्टिलरों से रिश्वत ली गई, बेहिसाब कच्ची देशी शराब की बिक्री, डिस्टिलर्स से रिश्वत ली गई।अधिकारी ईडी की गिरफ्त में हैं।

भाजपा किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी ?

जवाब-भूपेश बघेल सरकार की वादाखिलाफी ,सरकार की असफलता,भ्रष्टाचार प्रधानमंत्री आवास का काम रोकना,जैसे मुद्दों की बहुतायत है। भूपेश सरकार के खिलाफ मुद्दे बहुत हैं।

सवाल - वर्तमान विधायक के कार्यकाल को कैसा मानते हैं ?

जवाब -वर्तमान विधायक मंत्री हैं विधानसभा के मतदाताओं के लिए उनके पास समय नहीं है। पूरी तरह निष्क्रिय विधायक हैं। वर्तमान विधायक चापलूसों से घिरे हुए हैं तथा क्षेत्र की समस्याओं पर उनका कोई ध्यान नहीं है। लोगों के फोन तक नहीं उठाते।

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र किसानों के जीवन में ला रहा बदलाव

## नैनो यूरिया के उपयोग से बढ़ रहा उपज और लागत भी हो रहा कम



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) के माध्यम से किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया, डीएपी, एनपीके, मिट्टी की जांच, कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के अलावा नैनो यूरिया, डीएपी, सागरिका, जैव उर्वरक, कीटनाशक, खर पतवार नाशक और उच्च किस्म के बीज के साथ तकनीकी वार्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है यह केंद्र किसानों को उचित मूल्य व सुविधाजनक तरीके से कृषि सामग्री उपलब्ध करा रहा है जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हो रही है। यह बातें पत्रकारों की किसानों के साथ बातचीत से निकलकर सामने आयी पत्रकारों का एक दल पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी की ओर से आयोजित प्रेस टूर के तहत रामनगर स्थित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का किया भ्रमण`पीएमकेएसके रामनगर पर मौजूद इफ्को, वाराणसी के फील्ड ऑफिसर डा.विवेक दीक्षित ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) वन- स्टॉप-शॉप केंद्रों के रूप में कार्य कर रहे हैं इसके माध्यम से किसानों को एक ही स्थान पर मिट्टी, बीज, उर्वरक,कीटनाशक और कृषि मशीनरी सहित कई कृषि-इनपुट सुविधाएं मिल रही हैं। वाराणसी जिले में रामनगर सहित राजा तालाब में भी एक उच्च स्तर का केंद्र स्थापित हो चुका है इसके अलावा कई अन्य केंद्रों की भी स्थापना तेजी से हो रही है उन्होंने बताया कि रामनगर स्थित केंद्र से लाभ वाराणसी, मिजार्पुर और चंदौली के हजारों किसान ले रहे हैं। इससे उनके कृषि कार्य की लागत क्षमता में कमी आई है और साथ ही उनके आय में वृद्धि हो रही है उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से इफ्को बड़ी मात्रा में उर्वरक, नैनो यूरिया, विशेष पोषक उर्वरकों का उपयोग और पोषक तत्व आधारित शुद्ध जैविक उर्वरकों का उपयोग करके मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करके किसानों को हर तरह से सेवा करने के लिए लगातार काम कर रहा है` भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना किसानों की आय बढ़ाने में बहुत सहायक है नैनो यूरिया कम लागत में अधिक उत्पादन करने का माध्यम है इसके लाभ के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यूरिया से भरी एक बोरी का स?थान अब नैनो यूरिया की एक बोतल ले सकती है इससे यूरिया की परिवहन लागत में भी काफी कमी आ रही है। केंद्र पर मौजूद विशेषज्ञों ने उपलब्ध नैनो डीएपी तरल, सागरिका, नियो स्प्रेयर, तरल कंसोर्टियम सहित अन्य उत्पाद के महत्व के बारे में बताया` पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा कृषि क्षेत्र के लिए 'समग्र दृष्टिकोण' के साथ काम किया है और सरकार द्वारा किसानों को मजबूत बनाने के लिए कई पहल की गई हैं प्रधानमंत्री ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान का नारा दिया है जिसका जीवंत रूप पीएमकेएसके के माध्यम से देखने को मिल रहा है` यह केंद्र किसानों को उर्वरक तो उपलब्ध करा ही रहा है साथ ही देश के किसानों के साथ एक गहरा संबंध स्थापित करने के लिए एक तंत्र भी विकसित कर रहा है उन्होंने पीएमकेएसके के सहारे किसानों से गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों के उपयोग के साथ-साथ मिट्टी परीक्षण और कृषि विस्तार जैसी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2022 में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत 600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) का उद्घाटन किया था इस योजना के तहत देश में खुदरा खाद की दुकानों को चरणबद्ध तरीके से पीएमकेएसके में बदला जाएगा` पीएमकेएसके किसानों की विभिन्न प्रकार की जरूरतों को पूरा करेंगे और कृषि सामग्री (उर्वरक, बीज, उपकरण), मिट्टी, बीज और उर्वरकों के लिए परीक्षण सुविधाएं प्रदान करेंगे किसानों के बीच जागरूकता पैदा करेंगे। विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और ब्लॉक, जिला स्तर के आउटलेट पर खुदरा विक्रेताओं का नियमित क्षमता निर्माण सुनिश्चित करेंगे 3.3 लाख से ज्यादा खुदरा उर्वरक दुकानों को पीएमकेएसके में बदलने की योजना है।

## लुटेरों की गोली से घायल शराब सेल्समैन की इलाज के दौरान मौत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बाइक सवार हमलावरों ने गहमर थाना क्षेत्र के कर्मनाशा नदी के पास स्थित भतौरा ग्राम के शराब के ठेके के सेल्समैन धर्मेंद्र सिंह उम्र 45 वर्ष को गोली मार कर गल्ला की रकम लूट लिया। यह घटना गुरुवार की रात मंगला सिंह के देशी शराब के ठेके पर हुई। घटना की जानकारी पर क्षेत्रीय पुलिस तथा क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए भदौरा स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। घायल सेल्समैन को वहां से गंभीर स्थिति में वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृत सेल्समैन धर्मेंद्र सिंह (45 वर्ष) आजमगढ जिले के तुर्कवली का निवासी था। बताया गया कि गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे। वे लोग शराब की मांग करने लगे। सेल्समैन ने दुकान बंद बताकर शराब देने से मना कर दिया। इस पर वे सेल्समैन से उलझ गये और धर्मेंद्र को गोली मार कर गल्ला लेकर फरार हो गये। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। उन्होंने वहां लोगों से पूछताछ कर हमलावरों को पकड़ने के लिए मातहदों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सेल्समैन के अनुसार, तीन अज्ञात हमलावरों ने उसका गल्ला छिन लिया और उसे गोली मारकर फरार हो गये। उन्होंने कहा कि अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को रायफल क्लब गाजीपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति गाजीपुर की बैठक आहुत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उप निदेशक, उपमुख्य परिवीक्षा अधिकारी वाराणसी मण्डल वाराणसी, सुश्री रिजवाना सलाहकार यूनिसेफ एवं समिति के सदस्य तथा जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में बच्चों के सवार्गीण विकास के सम्बन्ध में चर्चा की गयी, तथा जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में और संस्था संचालन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में जारी करायी जाए। जनपद में संचालित बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप, मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन अभियान चलाकर किया जाय, तथा लाभार्थियों की संख्या बढ़ायी जाए। यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद में संचालित चाइल्ड लाईन से संबंधित कार्य जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर के कार्मिक पूरी जिम्मेदारी से कार्य करना सुनिश्चित करें।

## इजरायल विजयी भवः संकल्प के साथ नवरात्र में विशेष अनुष्ठान हवन का आयोजन

### रक्तबीज बने ये इस्लामिक जिहादी मानवता के लिए असुर है इन्हें समाप्त करना ही होगा- रोशन पाण्डेय

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय हिन्दू दल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू नेता रोशन पाण्डेय के नेतृत्व में काशी के भदैनी स्थिति नवदुर्गा मंदिर में ११ ब्राह्मणो द्वारा इजरायल विजयी भवः संकल्प के साथ इजरायल के समर्थन में युद्ध में विजय की कामना से विशेष जप, इन्हें समाप्त करना ही होगा इसलिए हम मां दुर्गा की शरण में हैं। इजरायल पर जबरन जिहादियों द्वारा थोपे गए अंतहीन युद्ध का परिणाम दुनिया के सामने है। भारत के हिंदूओं को सबक लेना चाहिए। रोशन पाण्डेय ने कहा जैसे मां दुर्गा ने रक्तबीज और महिषासुर का वध



हवन,अनुष्ठान किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय हिन्दू दल अध्यक्ष रोशन पाण्डेय ने कहा कि हमनें अपनी संगठन के साथ इजरायल जाने की इच्छा जताते हुए बेंजामिन नेतन्याहू को पत्र लिखा था। नहीं जाने की स्थिति में हम कम-से-कम मां जगदम्बा देवी दुर्गा को प्रसन्न कर इजरायल को शक्ति प्रदान करने की कामना से काशी में ११ ब्राह्मणो को बिठाकर विशेष जप, हवन, अनुष्ठान किया। रोशन पाण्डेय ने कहा कि आज पूरी दुनिया इस्लामिक जिहाद व इस्लामिक आतंकवाद से कराह रही है। इस्लामिक जिहादियों द्वारा हिन्दुओं, यहुदियों, पारसियों, जैनियों, सिखों को टारगेट किया जा रहा है। ये इस्लामिक आतंकवादी किसी को नहीं छोड़ रहे हैं। रक्तबीज बने ये इस्लामिक जिहादी मानवता के असुर है किये वैसे ही इस्लामिक जिहादियों का समूल नाश करेंगे माता इसलिए हमने विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया। इस मौके पर आचार्य रीपूसुदन मिश्र जी, चंदन तिवारी, आलोक मिश्रा, विकास कुमार पाण्डेय, चिंटू पाण्डेय, प्रकाश दूबे,विनय तिवारी, गोविंद कुमार उपस्थित रहे।

## बिस्तर से गायब बालक का शव मिला कुएं में, हत्या में चाचा को किया गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के रायतारा पिंडरा में 2 वर्षीय बालक की हत्या का खुलासा करते हुए फूलपुर पुलिस आरोपित चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डीसीपी ने खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह ने बाबतपुर स्थित अपने कार्यालय में घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सम्पत्ति के विवाद में मृत बालक कृष्ण कुमार के चाचा बाबूलाल ने ही उसको विस्तर से उठा कर घर से कुछ दूरी पर स्थित सिवान के कुएं में जिंदा ही फेक दिया। पानी मे डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के खुलासे के बाबत बताया कि उक्त युवक को स्थानीय लोगों से बातचीत करने तथा दर्जन भर सीसीटीवी फुटेज के खंगाले के बाद उक्त युवक के शक के आधार पर उठाया गया। उसके बाद जब



कढ़ाई से पूछताछ की तो वह बच्चे को सम्पत्ति के विवाद में मारने की बात कही। उसके निशनदेही पर अपहत बालक के शव को कुएं से बरामद किया। पुलिस ने गुमसुदगी के जगह 363,364,302, 201 के धारा बढ़ाते हुए उसे जेल भेज दिया। वही डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह ने घटना में खुलासे में शामिल टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। खुलासा व गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, एसआई संग्राम सिंह, अतुल त्रिपाठी, हरिकेश यादव,जितेंद्र यादव व एसओजी व सर्विलांस की टीम शामिल रही। बताते चलें कि गुरुवार को अलसुबह दादा किशोरी लाल के साथ सोए था जब भोर में वह शौचालय गये तभी मौका पाकर उनका छोटा बेटा बाबूलाल सम्पत्ति में लालच में उसे उठा ले गया और घर से 400 मीटर दूरी पर सिवान में स्थित कुएं में फेंक दिया और चुपचाप घर आ गया और पुलिस के साथ बालक को ढूढने में साथ साथ भी रहा।

## विधायक ने भूमि पूजन करके 10.94 करोड़ की लागत की सड़क का किया शिलान्यास

प्रखर शाहगंज। शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित लोनियापट्टी से वाया बिशुनपुर, पटैला-पट्टीनरेंद्रपुर के नव निर्माण मार्ग का शिलान्यास विधि- विधान से आचार्य नरेंद्र त्रिपाठी (बंधु) द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करके किया।विधायक ने क्षेत्र वासियों को 10.94 रुपए करोड़ की लागत से 11 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह सड़क ऑस्ट्रेलिया की फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) योजना से निर्मित हो रही है। उन्होंने कहा कि शाहगंज विधानसभा क्षेत्र पूरे प्रदेश में आदर्श विधानसभा बनेगी। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता के साथ समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि पट्टी नरेंद्रपुर से सरपतहां थाने के मार्ग के निर्माण के लिए



प्रस्ताव भेजा जा चुका है जो जल्द ही शुरू होगा। आने वाले समय में पट्टीनरेंद्रपुर बाजार को बहुत सुंदर रूप दिया जाएगा।खुटहन से समोधपुर मार्ग बनने से जो दूरी करीब सवा घंटे में तय होती थी अब वह कुछ मिनटों में ही तय होगी। पूर्व प्रधान राणा प्रताप सिंह ने विधायक को शाहगंज विधानसभा क्षेत्र का विकास पुरुष बताया। विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदल रही है।स्वर्गीय लक्ष्मी शंकर यादव के बाद क्षेत्रवासी विधायक के योगदान को याद करेंगे। संतोष सिंह जिला उपाध्यक्ष, बेचन सिंह, जितेंद्र सिंह विधानसभा संयोजक,दशरथ सिंह, सुधीर सिंह( बब्बू )आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किये। अध्यक्षता वंश बहादुर पाल तथा संचालन अशोक निगम ने किया। इस अवसर पर संतोष पांडेय विधायक प्रतिनिधि ,धर्मेंद्र कुमार सिंह पिंटू एडवोकेट हाई कोर्ट रवींद्रनाथ बिंद स. जि. पं.,डॉ दिनेश कुमार सिंह, संजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि समोधपुर, संजय सिंह भाजपा नेता, संजय सिंह कोटेदार भेला, जितेंद्र सिंह (बबलू) राजेश उपाध्याय प्रधान करीमपुर बिंद, अभिषेक सिंह, राम सिंह, अभिषेक सिंह ,अमर बहादुर सिंह,सूबेदार सोनकर प्रधान ,सूर्य प्रकाश सिंह ,बबलू उपाध्याय ,राम प्रकाश दुबे,संतोष सिंह भाजपा नेता, मुन्ना सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## जगरदेवपुर में सांसद खेल प्रतियोगिता का भव्य आगाज



प्रखर राजातालाब वाराणसी। वाराणसी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आगाज शुक्रवार को हुआ। प्राथमिक विद्यालय जगरदेवपुर ग्राम के मैदान पर ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में खेल की शुरूआत हुई। दो दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम के पहले दिन देहात के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जगरदेवपुर ग्राम प्रधान घूरे लाल व नोडल संकुल अधिकारी राम दुलार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। और निर्णायक मंडल एवं संभ्रांत ग्रामीण वासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदुलार, शशांक पांडे, प्रभाकर द्विवेदी, चंदन सिंह, विश्वास पांडे, सत्य प्रकाश पाल, गिरिजेश राय, अविनाश पांडे, रूबी सेन, आरती पांडे, पूजा सिंह, अनिल उपाध्याय, लालू मौर्य के अलावा आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण



प्रखर जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा पुलिस लाइन जौनपुर परेड ग्राउंड पर शुक्रवार के परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, जीपी स्टोर, पुलिस अस्पताल, कैन्टीन, मेस, यातायात कार्यालय, डायल-112 इत्यादि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओ.आर. किया गया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### नाक कान बिनू भई विकराल



प्रखर चौबेपुर वाराणसी। रामबाग रामलीला समिति गोकुलपुर में कल नकटैया के लीला का मंचन किया करीब 70 वर्षो से यहां पर प्रभु की लीला का मंचन किया जाता है। सुपनखा पंचवटी में घुमते हुए वहां पहुंच गई जहां पर राम लक्ष्मण थे। और वहा सुन्दरी का रूप धारण करके उनको बहकाने की कोशिश किया। कभी राम के पास तो कभी लक्ष्मण के लेकिन भगवान को सब पता था। उन्होंने बार बार मना करते हुए भेज देते थे।एक लक्ष्मण ने उसका नाक और कान दोनो काट दिये। सुपनखा रोते हुए खर दूषन के पास ग ई। खर-दूषण चौदह अछौडी सेना के साथ राम जी लड़ने आया लेकिन एक बाण से रामजी उसे मार दिये।

तब बिलखाई रावण सम गई।

तब रोती हुई अपने भाई रावण के पास ग ई।रावण को सारा वित्रात बताया।तब रावण ने कहा।

खर दूषण मो सम बलवता।
तिन्ही न मारे बिन भगवता।।

रावण ने कहा कि अगर भगवान होंगे तो मैं उनसे हटकर करके विरोध करूंगा और सदगति को प्राप्त होऊंगा। रामलीला के अध्यक्ष रिंकू चौबे विनीत चौबे प्रबंधक रावण के किरदार मे अनुराग चौबै ब्यास पीठ पर धीरेन्द्र चौबे आदि लोग मौजूद थे।

### 256 शिक्षकों को मिला टैबलेट



प्रखर पिंडरा वाराणसी। शासन के निर्देश पर पिंडरा विकास खण्ड मुख्यालय पर शुक्रवार को विकास खण्ड के 256 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को एक समारोह के दौरान टैबलेट वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पिंडरा विधायक के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने कहाकि परिषदीय विद्यालयों को हर तकनीकी से सरकार लैस कर रही है। स्मार्ट क्लास के साथ प्रत्येक विद्यालयों में जल्द ही वाई फाई की सुबिधा देंगी। जिससे बच्चों को अद्यतन जानकारी और उन्हें रुचिकर शिक्षा मिल सके। ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी देवी प्रसाद दुबे ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व एक एक वरिष्ठ सहायक अध्यापक को टैबलेट दिया गया।कम संख्या वाले विद्यालय पर केवल प्रधानाध्यापक को ही टैबलेट मिला है। इस दौरान एआरपी रामसेवक यादव, वीरेंद्र कुमार, अजय सिंह, कमलेश कुमार संजय वर्मा, जितेंद्र सिंह, विनय सिंह, सुशील कुमार, विपिन कुमार व विशाल सेठ समेत कम्पोजिट व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक रहे।

### लायंस क्लब वाराणसी सिल्क सिटी द्वारा माता की चौकी एवं गरबा का आयोजन, क्लब के सदस्यों ने किया प्रसाद ग्रहण

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लायंस क्लब वाराणसी सिल्क सिटी द्वारा शिवदासपुर स्थित नीलम वाटिका में भव्य माता की चौकी एवं गरबा का आयोजन किया गया` लायन्स क्लब के अध्यक्ष ला. आलोक कृष्ण अग्रवाल ने मीडिया से वार्ता के दौरान बताया की अभी तक लायंस क्लब के इतिहास मे किसी भी क्लब ने माता की चौकी नहीं बैठाया और ना ही गरबा का अयोजन किया है लेकिन इस वर्ष 2023 में हमलोग माता की चौकी रखकर और गरबा की शुरूआत किये है आगे भी इसे जारी रखा जाएगा। माता की चौकी एवं गरबा में क्लब के सभी सदस्यों ने सपरिवार संग समलित होकर माता रानी का आशीर्वाद लिया एवं गरबा डांस से शमा बांध दिया उसके बाद सभी सदस्यों ने फलाहार एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक ला.मनीष कपूर ,एल.एन.एस नेहा टण्डन रहीं` इस मौके पर अध्यक्ष ला. आलोक कृष्ण अग्रवाल, सचिव रोहित, कोषाध्यक्ष ला.सौरभ, ला.नवनीत, ला. राजीव, ला.मनीष कपूर ,एल.एन.एस नेहा टण्डन , ला. गौरव, ला. श्याम कृष्ण, ला. प्रदीप जजोदिया डाक्टर कैलाश, सिद्धार्थ ,उर्मिला, दीपाली, सुरैखा, शशि, अनुप्रिया, गीतू, पूजा, पीयूष, हर्षा , नेहा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं